CMYK

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 11°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 22 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 189 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की छवि को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती पेज 2



भारतीय बेटियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन, पहली बार ऑस्ट्रेलिया में जीती टी-20 सीरीज खेल टाइम्स



भारतवंशी वकील नील कात्याल ने पलटा ट्रम्प टैरिफ का खेल पेज 11



कहीं आपके भी होश न उड़ा दे धुरंधर 2 का टीजर! बॉलीवुड

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।

# ब्राजीली राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

## भारत-ब्राजील में क्रिटिकल मिनरल्स समझौता, पीएम मोदी बोले- पांच साल में 20 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की।

उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है। दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़ा समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह समझौता दोनों देशों को कच्चे माल के निर्यातक से आगे बढ़ाकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग में भागीदार बनाने पर जोर देता है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा कि भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं।



■ राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा: आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है

> यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है रक्षा क्षेत्र में भी भारत और ब्राजील के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है, यह दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे और रणनीतिक समझ का अच्छा उदाहरण है। आगे भी इस फायदे वाली साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा...
>
> – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

> भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं, अगर हम साथ मिलकर काम करेंगे, तो भारत-ब्राजील के रिश्ते और मजबूत होंगे, दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ को भी मजबूत करेंगे, ताकि दुनिया को दो बड़ी महाशक्तियों के बीच किसी नए शीत युद्ध जैसी स्थिति का सामना फिर कभी न करना पड़े...
>
> – लूला डी सिल्वा, ब्राजील के राष्ट्रपति

# भारत पर लगा 18% टैरिफ भी खत्म

### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ को रद्द कर दिए जाने के फैसले से भारत पर लगा 18 % रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हुआ

### गुस्साए राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर नए कानून ( सेक्शन -122 ) का इस्तेमाल कर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिए जाने के फैसले से भारत पर लगा 18 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है।

दरअसल, ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए आईईईपीए कानून का इस्तेमाल कर अप्रैल 2025 में दुनिया के करीब 100 देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा था कि ट्रम्प को आईईईपीए कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है। कोर्ट के इस फैसले के 3 घंटे के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर 15 फीसदी का टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय यूनियन समेत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब 15 फीसदी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यानी कि भारत पर अब टैरिफ 18 फीसदी की जगह घटकर 15 फीसदी रह जाएगा। उन्होंने टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा कि मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं। ट्रम्प ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिये लागू कर सकता हूं। सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी। जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा।



■ सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं : ट्रम्प

### टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारिकी से विश्लेषण कर रहा है भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा अलग-अलग देशों पर लगाए गए टैरिफ पर वहां के सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि वह टैरिफ से संबंधित अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है।

मंत्रालय ने वक्तव्य जारी कर कहा कि हमने कल टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ कदमों की घोषणा की गई है। हम इन सभी घटनाक्रमों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति ट्रम्प के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को अपना निर्णय सुनाते हुए इस टैरिफ को रद्द कर दिया है। यह एक्ट अमेरिकी राष्ट्रपति को आपात स्थिति में अलग- अलग तरह के मामलों में इस तरह के कदम उठाने का अधिकार देता है जैसे मामलों की जांच करना, जांच लंबित रहने के दौरान रोक लगाना, तथा आयात या निर्यात को रोकना या प्रतिबंधित करना।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, लालकिले की सुरक्षा बढ़ाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लालकिले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है।

सूत्रों के मुताबिक चांदनी चौक इलाके का मंदिर भी आतंकियों के टारगेट पर है। इसके चलते दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। हालांकि इन सूचनाओं की अभी जांच की जा रही है, लेकिन एहतियात बरती जा रही है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी से निगरानी, वाहनों की जांच और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड और क्विक रिएक्शन टीमों की तैनाती की गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, यह कदम केवल सावधानी के तौर पर उठाए गए हैं। यह अलर्ट 10 नवम्बर 2025 को लाल किले के पास हुए एक कार बम धमाके के बाद आया है। उस धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई थी और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास विस्फोटकों से भरी कार फटने से आसपास खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई थी और इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। 6 फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद की मस्जिद में हुए धमका का बदला लेने के लिए लश्कर भारत में बड़ी आतंकी वारदात के फिराक में है।

■ चांदनी चौक का मंदिर भी निशाने पर
■ धार्मिक और ऐतिहासिक जगहों की सिक्योरिटी बढ़ाई गई





# तीन राज्यों में SIR की फाइनल लिस्ट पब्लिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में है। शनिवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हुई।

राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ और केरल में 2.69 करोड़ वोटर के नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है। अब तक कुल 6 राज्यों-यूटी की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है। इससे पहले लक्षद्वीप, पुड्डुचेरी और गुजरात की अंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। 23 फरवरी को तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की लिस्ट आएगी। उत्तर प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी। 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए आवेदन लिए गए, जिनका निपटारा करने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की जा रही है।

■ राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ वोटर रजिस्टर्ड
■ अब तक छह राज्यों-यूटी की सूची जारी

# राजधानी दिल्ली में गर्मी बढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने से धीरे-धीरे गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी में तेज धूप खिलने के साथ न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से लगभग 2.4 डिग्री ज्यादा है।

विभाग ने संकेत दिया है कि अगले छह दिनों में तापमान बढ़ने का अनुमान है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक ज्यादा हो सकता है। शहर में दिन के तापमान में भी तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है। अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री से ज्यादा बढ़कर अगले हफ्ते शुक्रवार तक 30 डिग्री के निशान को पार करके 33 डिग्री तक पहुंच सकता है।

■ अगले हफ्ते 33 डिग्री तक पहुंच सकता है दिन का तापमान

## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार के भतीजे का आरोप, प्लेन क्रैश बड़ी साजिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे। विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए।

### आपदा प्रबंधन नीति की मजबूती के लिए त्रिपक्षीय समझौता

**नई दिल्ली।** देश में आपदा प्रबंधन नीति को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन और जोखिम न्यूनीकरण में अकादमिक कार्यक्रम शुरू कर, क्षमता निर्माण, नीति अनुसंधान और संचार को बढ़ावा देने के ख्याल से एक महत्वपूर्ण सहयोगात्मक ढांचा स्थापित करने के लिए आपसी सहमति के एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

# इतिहास में पहली बार होगा अरबों डॉलर का रिफंड

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका की** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सबसे बड़े टैरिफ वाले फैसले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रम्प ने जिस आपातकालीन कानून का इस्तेमाल करके दुनिया भर के देशों पर आयात टैक्स लगाया था, वह कानूनी रूप से सही नहीं था।

कोर्ट का कहना है कि आयात पर टैक्स लगाने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के पास होता है, लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि सरकार ने जो करीब 133 अरब डॉलर (लगभग 11 लाख करोड़ रुपये) टैरिफ के रूप में पहले ही वसूल कर लिए हैं, उनका क्या होगा। बड़ी-बड़ी कंपनियां अब अपने पैसे वापस मांग रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आखिरकार कंपनियों को रिफंड मिल सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया बहुत लंबी, जटिल और विवादों से भरी रहने वाली है। जानकारों के मुताबिक, रिफंड का फैसला अमेरिकी कस्टम विभाग, इंटरनेशनल ट्रेड कोर्ट और अन्य अदालतों के जरिए तय होगा। इसमें 12 से 18 महीने या उससे भी ज्यादा समय लग सकता है। कई कंपनियों ने तो पहले ही केस कर दिए हैं, ताकि वे रिफंड की लाइन में सबसे आगे रह सकें। आम लोगों को इस फैसले से सीधे पैसे वापस मिलने की उम्मीद नहीं है। वजह यह है कि टैरिफ का बोझ कंपनियों ने बढ़ी कीमतों के रूप में ग्राहकों पर डाल दिया था और यह साबित करना मुश्किल होगा कि किसी ग्राहक ने कितना अतिरिक्त पैसा दिया। कई बड़ी कंपनियां जैसे कास्टको, रेव्लान और बम्बल बी फूड्स पहले ही रिफंड के लिए मुकदमे दायर कर चुकी हैं, ताकि फैसला उनके पक्ष में आने पर उन्हें जल्दी पैसा मिल सके। आगे और भी कानूनी लड़ाइयां होने की संभावना है, क्योंकि कुछ निर्माता यह भी दावा कर सकते हैं कि कच्चे माल की कीमत बढ़ाने वाले सप्लायरों से भी हिस्सा लिया जाए।



■ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से झटके के बाद बढ़ी ट्रम्प की मुश्किलें, अब 133 अरब डॉलर लौटाने की चुनौती

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोले राहुल गांधी, प्रधानमंत्री फिर करेंगे समर्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आयात शुल्क संबंधी फैसला पलटे जाने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह एक बार फिर अमेरिका के सामने समर्पण करेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में श्री मोदी की स्थिति कमजोर हुई है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा प्रधानमंत्री ने देशहित से समझौता किया है। उनका विश्वासघात अब सबके सामने है। श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी अब समझौते की शर्तों पर पुन: बातचीत नहीं कर सकते। वह एक बार फिर समर्पण करेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न देशों पर भारी आयात शुल्क लागू करने के श्री ट्रम्प के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह शक्ति सिर्फ अमेरिकी संसद के पास है। श्री गांधी की यह टिप्पणी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आई है। कांग्रेस ने बार-बार इस समझौते के समय, पारदर्शिता और शर्तों को लेकर चिंता जताई है।



■ कहा: अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में पीएम मोदी की स्थिति कमजोर हुई

# नगीना व हल्दौर में अवैध आधार कार्ड केन्द्रों पर छापा

## डीएम के आदेश पर कार्यवाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम के निर्देश पर अवैध आधार कार्ड केन्द्रों पर छापे मारे गए।

इस संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि नगीना एवं हल्दौर में अवैध रूप से आधार कार्ड बनाए जाने तथा संशोधन कार्य किए जाने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगीना में नायब तहसीलदार तथा हल्दौर में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सदर से संयुक्त रूप से जांच कराई गई। जांच में शिकायत दुरुस्त पाए जाने पर तत्काल मशीन एवं अभिलेखों को जब्त कर अतिरिक्त जांच के लिए पूरा मामला व अभिलेख यूएआईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ को प्रेषित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि नगीना में तहसील कार्यालय गेट के पास अवैध रूप से संचालित जनसेवा केंद्र में ऑनलाइन आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। उक्त प्रकरण की जांच नायब तहसीलदार द्वारा कराए जाने पर शिकायत सही पाई गई। तुरंत कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार नगीना द्वारा मशीन तथा वहां मौजूद सामग्री को जब्त कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि दूसरे प्रकरण में हल्दौर स्थित पेट्रोल पंप के पास जनसेवा केंद्र पर अवैध रूप से आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य करने की शिकायत प्राप्त होने पर उसकी जांच जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सदर सहित डिस्टिक मैनेजर सीएससी से संयुक्त रूप से कराई गई। जांच के दौरान संज्ञान में आया कि बिना अनुमति के आधार कार्ड नामांकन एवं संशोधन का कार्य किया जा रहा है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि नामांकन संशोधन कार्य के लिए प्रति व्यक्ति 300 से 500 तक वसूल किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके निर्देशों के क्रम में जनसेवा केंद्रों को संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है तथा जनसेवा केंद्र पर जब्त की गई अभिलेखों को अतिरिक्त जांच के लिए यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है।

# वायरल ऑडियो से भूचाल! स्वास्थ्य विभाग में मची खलबली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में आ गया है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक कथित ऑडियो ने विभागीय हलकों में हलचल तेज कर दी है।

बताया जा रहा है कि ऑडियो में एसीएमओ एवं नोडल अधिकारी (क्वैक्स) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा से जुड़े पूर्व वाहन चालक और धामपुर स्थित एक सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे सेंटर से संबंधित व्यक्ति के बीच बातचीत सुनाई दे रही है। हालांकि, इस ऑडियो की स्वतंत्र पुष्टि अभी तक किसी आधिकारिक स्तर पर नहीं हुई है।

जानकारों के अनुसार जब डॉ. विश्वकर्मा के पास नजीबाबाद क्षेत्र का प्रभार था, तब भी एक कथित ऑडियो वायरल हुआ था। उस समय अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, क्लीनिक व पैथोलॉजी लैब से कथित धन मांगने के आरोप चर्चा में आए थे। उस प्रकरण को लेकर किसान संगठनों द्वारा सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया गया था। बाद में प्रशासनिक स्तर पर प्रभार में परिवर्तन और संबंधित चालक के निलंबन की कार्रवाई की गई थी। हालांकि, इन मामलों में अंतिम आधिकारिक निष्कर्ष क्या रहे, इसकी पुष्टि विभागीय अभिलेखों से ही संभव है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ताजा ऑडियो को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि बातचीत में स्वास्थ्य संस्थानों से कथित मासिक लेन-देन का उल्लेख है। यह भी चर्चा है कि नोडल अधिकारी (क्वैक्स) को सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे केंद्रों का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद निरीक्षण और कार्रवाई को लेकर नया दबाव तंत्र सक्रिय हुआ है।

हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह सभी बातें सोशल मीडिया पर प्रसारित दावों और चर्चाओं पर आधारित हैं। इनकी कोई आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वायरल ऑडियो के संदर्भ में यह भी कहा जा रहा है कि संबंधित वाहन चालक सेवानिवृत्ति के बाद भी विभागीय कार्यों में कथित रूप से सक्रिय है। इस दावे की भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जनपद में विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यदि वायरल ऑडियो प्रमाणिक है, तो इसकी फोरेंसिक जांच कराकर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और अफवाहों पर विराम लगे। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामलों का सीधा संबंध जनहित और मरीजों की सुरक्षा से है, इसलिए पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा स्वाभाविक है।

फिलहाल, वायरल ऑडियो और उससे जुड़े सभी आरोप अपुष्ट हैं। संबंधित अधिकारी की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब जनपद की निगाहें जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संभावित जांच पर टिकी हैं। जांच के निष्कर्ष ही तय करेंगे कि वायरल सामग्री में कितनी सच्चाई है और आगे क्या कार्रवाई होती है।

## एक नजर

### सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कालेज के प्रबंधक ठाकुर अशोक कुमार शास्त्री ने सरस्वती देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। सर्वप्रथम स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में 7 दिन तक होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी ग्राम मुस्तफाबाद में स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान, पर्यावरण संरक्षण तथा यातायात संबंधी जागरूकता अभियान चलाएंगे। द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा तथा संयोजक डॉ. शिवाली राजपूत ने स्वयंसेवियों से अपने व्यक्तित्व विकास हेतु महापुरुषों से प्रेरणा लेने की अपील की। कॉलेज प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री ने कहा कि समाज सेवा बहुत ही पूण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी समाज सेवा को अपने जीवन में अपनाए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर लगातार सात दिन तक आयोजित होगा। शिविर में सभी कार्यक्रम सामाजिक, प्रेरणाप्रद तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित होंगे। इस मौके पर विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, रुक्मिणी देवी, नीशु देवल, छाया राजपूत, डॉ. वरुण कुमार, राकेश चौहान, सोनू कुमार, डॉ. शिवाली राजपूत, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**चांदपुर।** मौहल्ला चिम्मन श्रीराम कॉलोनी निवासी अभिषेक पुत्र बृजेश कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र मे कहा कि 19 फरवरी को 10 बजे कॉलोनी का ही एक युवक लक्की उर्फ सुंदर पुत्र मनीराम गिरी हमारे घर के आसपास घूम रहा था। उसके कुछ समय बाद मेरी बहन वंशिका घर से लापता हो गई। हमें पूरा पक्का विश्वास और यकीन है कि लक्की मेरी बहन को कहीं बहला फुसलाकर लेकर गया है। अभिषेक का कहना है कि मेरी बहन नाबालिक है और लक्की मेरी बहन के साथ गलत काम कर सकता है और उसे जान माल का नुकसान पहुंचा सकता है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी लक्की (सुन्दर) पुत्र मनीराम गिरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी की खोज शुरू कर दी है।

### नलों के पानी की जांच की मांग

**नजीबाबाद।** काशीरामपुर ग्राम किनारे दो तालाब है, जो बहुत पुराने है। तालाब में बहुत गंदा पानी है, पूरे ग्राम का गंदा पानी नालियों से होता हुआ तालाब में जाता है। ग्राम निवासी विपिन कुमार, महेन्द्र सिंह, सुशील राठी, बाबूराम आदि ग्रामीणों ने ग्राम में फैलती कैंसर की बीमारी को देखते हुए तालाब व घर के नलों के पानी की जांच कराने की मांग की है।

### मासूम इकादुर्रहमान ने रखा पहला रोजा

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर रतन निवासी फैजुर रहमान के बेटे इबादुर रहमान ने मात्र आठ साल की आयु में माहे रमजान में अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। इबादुर रहमान सेंट मैरिस इंटर कॉलेज में कक्षा तीन का छात्र है। इबादुर रहमान ने रोजा रखने के साथ इबादत कर नमाज अदा की तथा देश के अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआ की।

### नगीना ब्लड सेंटर का उद्घाटन

**नजीबाबाद।** नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर का विधिवत उद्घाटन रक्तदान महादान टीम नजीबाबाद द्वारा किया गया। नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संचालक अजय सिंह एवं भास्कर सिंह की उपस्थिति में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं रक्तदाताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर अब क्षेत्र में मरीजों को सुरक्षित एवं समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य करेगा। यह केन्द्र समाजसेवा व मानवता की भावना को समर्पित रहेगा। इस अवसर पर टीम के प्रमुख हाजी फहीम व उनकी टीम में राहुल कुमार, जुनैद अंसारी, शारिक खान, कासिम खान, फुरकान खान, अफसर खान, आफताब खान शामिल रहे।

### आवारा कुत्ते ने बुजुर्ग को काटा

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला सब्नीग्रान में डॉ. सुलेमान क्लीनिक के पास आवारा कुत्ते ने बुजुर्ग फरीद अहमद पर हमला कर उसे काटकर घायल कर दिया। हमले में कुत्ते ने बुजुर्ग का एक पैर बुरी तरह से घायल कर दिया। कुत्ते के हमले में घायल बुजुर्ग की सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर शहर के लोगों ने नगर पालिका परिषद से शीघ्र ही आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। शहर के लोगों का कहना है कि सभी मौहल्लों में आवारा कुत्तों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि इनके हमलों से करीब दो सालों में सैकड़ों लोग घायल हो चुके है। नागरिक नगर पालिका व तहसील प्रशासन से कई बार आवारा कुर्तो को पकड़ने की मांग कर चुके हैं। मगर उनकी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र नजीबाबाद के कस्बा साहनपुर निवासी महबूबा पत्नी हरि ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी बेटी नाजिश का विवाह छह वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के ग्राम अकबराबाद निवासी अंसार पुत्र इकबाल के साथ की थी। अंसार विदेश में रहता है। नाजिश अपने मकान में ससुराल वालों से अलग रहती है। आरोप है कि नाजिश का पति अंसार घर के खर्च के लिए पैसे नहीं देता तथा खर्च के लिए पैसे मांगने पर फोन पर तलाक देने तथा जान से मारने की धमकी देता है। 19 फरवरी को नाजिश घर में रखी लड़कियां बेच रही थी। आरोप है कि तभी नाजिश का ससुर इकबाल, जेठ अफजल, सास अख्तरी तथा ननद शहरीन लाठी-डंडे, चाकू तथा पाठल लेकर घर में घुस गए तथा नाजिश के साथ मारपीट की। आरोप है कि अफजल ने नाजिश के सीने पर हथियार से हमला किया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नाजिश के पति अंसार, ससुर इकबाल, जेठ अफजल, सास अख्तरी तथा ननद शहरीन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिक की दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### गड्ढे में पलटी ई-रिक्शा, चालक घायल

**नगीना।** थाना नगीना के ग्राम जमालपुर निवासी 35 वर्षीय वहाब अली पुत्र मौहम्मद यूनुस सुबह घर से ई-रिक्शा लेकर काम के लिए नगीना जा रहा था। जैसे वह अपनी ई-रिक्शा लेकर पुरैनी रेलवे फाटक के पास पहुंचा, तभी रास्ते के जर्जर होने के कारण रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। जिससे रिक्शा चालक वहाब गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रैफर कर दिया।

### एमआर अभियान के अंतर्गत टीकाकरण



**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला में संक्रामक बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एमआर अभियान के अंतर्गत टीकाकरण किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रुबेला, खसरा, काली खांसी, टेटनेस, निमोनिया, नामक संक्रामक बीमारी की रोकथाम के लिए नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम मानियावाला स्थित राशन डीलर मौहम्मद सलमान के निवास पर टीकाकरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश निराला के निर्देश पर अभियान के अंतर्गत शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों का तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। शनिवार शाम तक लगभग 25 बच्चों व महिलाओं का टीकाकरण किया गया। यह अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत मदरसों, प्राथमिक विद्यालयों तथा प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। एएनएम यशस्वी सिंह चौहान, सहायक अध्यापिका संगीता चौहान, आशा लक्ष्मी देवी, आंगनबाड़ी सुनीता देवी ने टीकाकरण अभियान किया तथा राशन डीलर मौहम्मद सलमान ने टीकाकरण अभियान में पूर्ण सहयोग किया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के ग्राम मालीवाला निवासी सुहेल पुत्र अतीक (22 वर्ष) तथा शादाब पुत्र नफीस (23 वर्ष) बिजनौर से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बरुकी ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहे थे। वैसे ही बरुकी से बिजनौर जाने के लिए ओवर ब्रिज पर चढ़ रही कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवार नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कार सवार कार लेकर मौके से भाग गया।

### विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण पर रवाना

**स्योहारा।** ब्लॉक बुढ़नपुर क्षेत्र में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया। इस एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र नगीना तथा धामपुर शुगर मिल धामपुर का भ्रमण कराया जाएगा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को गेहूं, गन्ना एवं धान की आधुनिक खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं धामपुर शुगर मिल में विद्यार्थियों ने गन्ने के रस से चीनी निर्माण की पूरी प्रक्रिया और प्लांट का अवलोकन कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में एआरपी शालिनी सिंह, एआरपी भूपेंद्र कुमार, वंदना सोलंकी, छाया रानी, आभा शर्मा, विकुल तोमर, राजकुमार शर्मा, नवनीत सिंह, अश्वनी सिंह, कार्यालय सहायक हेमंत कुमार, जितेंद्र कुमार, निरपेंद्र कुमार तथा शोभित कौशिक ने सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, महजबी सिद्दीकी सहित अन्य शिक्षण स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# महापंचायत में स्योहारा से पहुंचे सैकड़ों किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन की सैदपुर माफी में आयोजित महापंचायत में शामिल होने के लिए क्षेत्र भर के किसानों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

ब्लॉक क्षेत्र से सैकड़ों किसानों का बड़ा काफिला ब्लॉक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में संगठित होकर पंचायत स्थल के लिए रवाना हुआ। ग्राम वल्ला नंगला पट्टी नहर पर किसानों का विशाल जमावड़ा लगा जहां अलग-अलग गांवों से आए किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली, कारों व अन्य वाहनों के साथ एकत्र हुए। इसके बाद अनुशासित तरीके से लंबा काफिला तैयार किया गया और नारेबाजी करते हुए सभी किसान महापंचायत में शामिल होने के लिए सैदपुर माफी की ओर प्रस्थान कर गए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान देश की रीढ़ है और किसानों की आवाज को किसी भी हाल में दबने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी से जुड़े मुद्दों फसलों के उचित मूल्य, बिजली-पानी, आवारा पशु समस्या और अन्य मांगों को लेकर किसान लगातार संघर्षरत हैं और यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने किसानों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही किसानों के अधिकारों की सबसे बड़ी ताकत है। महापंचायत में शामिल होने को लेकर किसानों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसानों ने संगठन के झंडों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया और महापंचायत को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर गजराम सिंह, पोखर सिंह, सिंटू, अमरीश चौधरी, अदयवीर सिंह, वेदप्रकाश, इकरामुद्दीन, महेश यादव, हरिओम, दीपक त्यागी सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और महापंचायत में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। महापंचायत के लिए रवाना होते समय पूरे क्षेत्र में किसानों का उत्साह देखते ही बन रहा था और ग्रामीण मार्गों पर वाहनों का लंबा काफिला किसानों की एकजुटता का संदेश देता नजर आया है।

## स्कूल की चाहरदीवारी निर्माण कार्य में गबन की शिकायत पर जांच शुरू

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला स्थित प्राथमिक विद्यालय में चाहरदीवारी निर्माण के नाम पर लाखों रुपये के गबन की शिकायत पर शनिवार को उप न्यायिक जिलाधिकारी रामआसरे जांच के लिए विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य और संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली। शिकायतकर्ता नवनीत कुमार द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि प्रधानाध्यापिका ने चाहरदीवारी निर्माण के नाम पर शासन से जारी करीब 4 लाख 42 हजार रुपये का भुगतान अपने पति को ठेकेदार दर्शाकर करा लिया, जबकि संबंधित चाहरदीवारी पहले ही ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई जा चुकी थी। उप न्यायिक जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी जानकारी लेकर मामले की जांच की और बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विवेक स्पोर्ट्स लीग 2026 का समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में आज वार्षिक खेल प्रतियोगिता विवेक स्पोर्ट्स लीग 2026 का समापन हर्षोल्लास के साथ हो गया।

शतरंज प्रतियोगिता में दीपांशुराज प्रथम एवं सुधांशु द्वितीय स्थान पर रहे। शतरंज बालिका वर्ग में ईशा को पहला जबकि मेहविश को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक एकल वर्ग में मौहम्मद फैज को प्रथम तथा दिव्यम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका एकल वर्ग में हनी गौतम ने पहला और तनिशा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

बैडमिंटन डबल में मनु भाकर हाउस ने प्रथम तथा सिंधु हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में मिल्खा हाउस पहले और सिंधु हाउस दूसरे स्थान पर रहा। कबड्डी में रोमांचक फाइनल में बिन्द्रा हाउस ने सिंधु हाउस को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वॉलीबाल फाइनल मैच में मिल्खा हाउस विजयी रहा, जबकि उपविजेता ध्यानचंद हाउस रहा।

खो-खो का फाइनल मैच मिल्खा हाउस और मनु भास्कर हाउस के बीच खेला गया, जिसमें मिल्खा हाउस विजयी रहा। आज के मुकाबले में रस्सा खींच प्रतियोगिता ने सभी का ध्यान आकर्षण किया। एक बहुत ही कड़े मुकाबले में मनु भास्कर हाउस की बालिकाओं ने ध्यानचंद हाउस की बालिकाओं को शिकस्त दी। बालक वर्ग में भी मुन भाकर हाउस बिजयी रहा, जिसमें उसने सिंधु हाउस को सीधे मुकाबले में शिकस्त दी।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है अत: सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस की समाप्ति के बाद जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा तहसील धामपुर कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई तथा सफाई व्यवस्था भी सही मिली। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी व सीओ सिटी, तहसीलदार व अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## प्रयागराज में वसूली के आरोप में मेरठ के दो दरोगा गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के धूमनगंज क्षेत्र से मेरठ पुलिस ने वसूली के आरोप में अपने ही विभाग के दो दरोगाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले दो दिनों से प्रयागराज में छिपे हुए थे और पुराने मोबा. इल नंबर बंद कर नए नंबर का इस्तेमाल कर रहे थे। पकड़े गए दरोगाओं की पहचान लोकेंद्र साहू और महेश कुमार के रूप में हुई है। उन पर मेरठ के टीपीनगर निवासी धागा कारोबारी रासिक को फर्जी मुठभेड़ (एनकाउंटर) में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रुपये वसूलने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार दोनों दरोगा दो दिन पहले प्रयागराज पहुंचे थे और एक अधिवक्ता के संपर्क में थे। पहले उन्हें हाईकोर्ट के पास मिलने के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने वहां आने से इनकार कर धूमनगंज के कन्हईपुर मोहल्ले स्थित अधिवक्ता के मुंशी के घर मिलने का स्थान तय किया। इसी बीच मेरठ पुलिस को उनके नए मोबाइल नंबर की जानकारी मिल गई। सर्विलांस के जरिए नंबर की लोकेशन प्रयागराज में मिली। इसके बाद मेरठ पुलिस की एक टीम गुरुवार को ही प्रयागराज पहुंच गई और शुक्रवार शाम करीब छह बजे धूमनगंज में छापा मारकर दोनों को हिरासत में ले लिया। बताया गया है कि कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखा गया। गिरफ्तारी के लिए स्थानीय धूमनगंज पुलिस की मदद नहीं ली गई। टीम ने केवल थाने में यह सूचना दी थी कि वह एक वांछित की तलाश में जा रही है। हिरासत में लेने के बाद मेरठ पुलिस दोनों को सीधे मेरठ लेकर रवाना हो गई।

## वाराणसी में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**वाराणसी।** दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को वाराणसी के जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला एवं महानगर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का पुतला भी फूंका। भाजयुमो के जिला महामंत्री अमित पांडेय ने बताया कि राहुल गांधी के इशारे पर उनके कार्यकर्ताओं ने देश की छवि खराब करने की को. शिश की। उन्होंने कहा कि 'जिन्ना के मुन्ना' के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया गया है।

## कारपोरेट सामाजिक दायित्व को 'राष्ट्र निर्माण की पूंजी' बनाने की जरूरत: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह किया और हर व्यक्ति का आह्वान किया कि बदलाव का वह जो भी संकल्प ले उसे पूरा किया जाना जरूरी है। राधाकृष्णन ने शनिवार को भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय समाचारपत्र समूह की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित किया।

परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय को आवश्यक बताते हुए उन्होंने सबका सीएसआर को 'राष्ट्र निर्माण की पूंजी' बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह कर कहना चाहते हैं कि जब आप कोई संकल्प लेते हैं, तो उसे पूरा अवश्य करें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो समाज और राष्ट्र सामूहिक रूप से आगे बढ़ते हैं और देश के इस परिवर्तनकारी दौर में ऐसा सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। देश में संरचनात्मक सुधार, समावेशी विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना विकास के जरिए 25 करोड़ से अधिक नागरिकों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है और सभी क्षेत्रों और समुदायों में आकांक्षाओं को बढ़ाया है। विकास के अगले चरण में सरकार, उद्योग और नागरिक समाज के बीच गहन साझेदारी की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अब हाशिए पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के केंद्र में है। उन्होंने सीएसआर को उस क्षेत्र के रूप में वर्णित किया जहां उद्यम और सहानुभूति आपस में मिलते है, जहां वित्तीय विवरण मानवीय कहानियों से जुड़ते हैं।

### ईमानदार करदाता सबसे अधिक देशभक्त नागरिक

सीएसआर केवल कानून का पालन करना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता है। ईमानदार करदाता सबसे अधिक देशभक्त नागरिक है और जब भारतीय कॉर्पोरेट जगत समुदायों, स्थिरता, युवाओं और नवाचार में निवेश करता है तो इससे सामाजिक पूंजी का निर्माण होता है जिससे दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने व्यापार सुगमता, डिजिटल शासन और जीएसटी जैसे नीतिगत सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि इन उपायों से व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता मजबूत हुई है। उनका कहना था कि सिर्फ नीतियों से ही किसी राष्ट्र का परिवर्तन नहीं हो सकताद्ध परिवर्तन तभी होता है जब सरकार, उद्योग और नागरिक समाज एक साथ मिलकर काम करते हैं, यही इस शिखर सम्मेलन का मूल भाव है। उपराष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि शिखर सम्मेलन से राज्यों और क्षेत्रों में नई प्रतिबद्धताएं और अनुकरणीय मॉडल सामने आएंगे। उन्होंने कॉर्पोरेट दिग्गजों से आग्रह किया कि वे साहसिक रूप से सोचें, रणनीतिक रूप से निवेश करें, प्रभाव का कड़ाई से आकलन करें और सीएसआर को व्यय के रूप में नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण पूंजी के रूप में देखें।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

चौथा रोजा वक्त इफ्तार 22 फरवरी शाम 6:15
पांचवां रोजा वक्त सहरी 23 फरवरी सुबह 5:24

# शेरबाज का शानदार स्वागत

## सैकड़ों समर्थकों के साथ आसपा में शामिल होने पर बदल गए समीकरण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के कद्दावर नेता व चांदपुर के पूर्व चेयरमैन शेरबाज पठान अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आज विधिवत रूप से आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना के सांसद चन्द्रशेखर ने उनका व उनके साथियों का स्वागत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व चांदपुर के पूर्व चेयरमैन तथा मौजूदा चेयरपर्सन के पति शेरबाज पठान आज सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए। बैराज रोड स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले में आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने स्वागत किया। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि पूर्व में शेरबाज पठान पर बहुत अत्याचार हुए है। इसके बावजूद उन्होंने अपने संघर्षशील स्वभाव और मजबूत किरदार के बल पर नगर पालिका चेयरमैन पद का चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि शेरबाज पठान जैसे संघर्षशील नेता के पार्टी में आने से निश्चित ही संगठन को मजबूती मिलेगी और दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक तथा वंचित वर्गों की आवाज को ज्यादा ताकत मिलेगी।

इस मौके पर शेरबाज पठान ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी खुद कह चुके हैं कि पार्टी में संघ के लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ही यह सच्चाई बयान कर चुके है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि हालात कितने खराब है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में उन्हें भी आगे बढ़ने और समाज की सेवा करने का बेहतर मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसी लिए नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भी कांग्रेस छोड़ दी है। उन्होंने कहा कि आसपा में शामिल होने के बाद उन्हें घर जैसा माहौल दिखाई दे रहा है। चांदपुर क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान जो भी निर्देश देंगे, उसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आसपा दबे कुचले समाज की लड़ाई लड़ रही है।

उनके साथ आसपा में शामिल होने वालों में नहटौर क्षेत्र की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी सिंह, अनिल कुमार, जरीश अलवी, ऋषिराम सैनी, हरिराज सैनी, अंजू रानी, मुन्नू विश्वकर्मा, संजीव कुमार, अजीत सिंह, सुभाष कुमार व हेम सिंह सहित नहटौर की समस्त ब्लॉक कमेटी शामिल थी। इसके अलावा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गौरव शर्मा, सोनू जाटव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष असलम चौधरी, जमालुद्दीन, बुन्दू सलमानी, अब्दुल वाहिद, इकबाल, बाबू राम, रियासत, रेखा रानी, मौहम्मद अनीस, आशिक, बदरूद्दीन, विजय, यामीन, चन्द्रप्रकाश, टिंकू कुमार, नौशाद अहमद, रोहताश, मौहम्मद अतीक अंसारी, रियासत, नूरे, अली शेर, मौहम्मद शमीम, इफ्तेखार आलम, अकबर, सरफराज, बाबू आदि ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ कर आसपा की सदस्यता ग्रहण की।

# भाजपा को छोड़ सभी से गठबंधन के लिए उनके दरवाजें खुले: चन्द्रशेखर



**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि देश की स्थिति पहले जैसी नहीं रही है। पीड़ित और परेशान लोगों की मदद अब जाति, बिरादरी और धर्म देख कर की जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे सीएम खुले मंच से कहते हैं कि वे 80 प्रतिशत लोगों के लिए काम करते हैं और 20 प्रतिशत से उन्हें कोई मतलब नहीं है, लेकिन सीएम के इस बयान पर न्यायालय भी संज्ञान नहीं लेता है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर स्थिति है। सांसद चंद्रशेखर ने भाजपा के सबका साथ, सबका विकास नारे को खोखला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में गरीबों का भी काम नहीं हो रहा है। देश में धार्मिक आजादी पर भी संकट है। रमजान के दौरान इफ्तार और सहरी के समय सायरन नहीं बजाने दिया जा रहा है। पिछले दिनों रविदास जयंती के मौके पर जनपद में अनेक स्थानों पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी गई। देश की आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों ने ऐसे भारत की कल्पना कभी नहीं की थी। यह सरकार जनविरोधी है। खास तौर से दलित, मुस्लिम, ओबीसी और गरीबों से तो इसे खास नफरत है। उन्होंने कहा कि अब हर नागरिक को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। संघर्ष के लिए आजाद समाज पार्टी से बेहतर कोई प्लेटफार्म नहीं है। एक सवाल के जवाब में सांसद ने इंडिया गठबंधन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि यह गठबंधन वास्तव में मजबूत होता, तो वर्ष 2022 में भाजपा सत्ता से बाहर हो जाती। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी भाजपा सत्ता से बाहर हो जाती। सपा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि मुख्य विपक्षी दल ने न तो बड़ा दिल दिखाया और न ही ईमानदारी दिखाई। उन्होंने कहा कि सहारनपुर व कैराना से भाजपा के हारने की शुरूआत हुई थी। अगर खुलेदिल के साथ गठबंधन होता, तो पूरे प्रदेश से भाजपा साफ हो जाती। उन्होंने कहा कि हमने जनता के साथ गठबंधन किया है। जहां-जहां उनकी पार्टी की रैलियां हो रही है, उसमें जनसैलाब उमड़ रहा है। मजलिस से गठबंधन होने की चर्चाओं के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हमने दरवाजा बढ़ा रख लिया है, ताकि किसी को झुकना न पड़े और भाजपा को छोड़ कर किसी के साथ भी गठबंध कर सकते है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के वाइस चेयरमैन
नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद

अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


# युवक ने खो बैराज में लगाई छलांग

## पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शुरू की तलाश, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** अचानक बाइक से उतरकर खो बैराज में एक व्यक्ति के छलांग लगा देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू करा दी। समाचार लिखे जाने तक युवक की तलाश जारी थी। वही डूबे व्यक्ति के परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेश सैनी मुन्नी देवी मंदिर क्षेत्र धामपुर का निवासी शनिवार को अपने दोस्त रिंकू के साथ सरकड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से शेरकोट की ओर लौट रहा था। जैसे ही दोनों शेरकोट स्थित खो बैराज पर पहुंचे, योगेश ने अचानक बाइक रोकी और बिना कुछ कहे बैराज में छलांग लगा दी। घटना से घबराए रिंकू ने तुरंत आसपास मौजूद राहगीरों को सूचना दी और पुलिस को भी अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से युवक की खोज शुरू कराई। बाद में गोताखोरों को बुलाकर बैराज में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। बताया जा रहा है कि योगेश सैनी दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन कुछ समय से पारिवारिक जीवन में तनाव चल रहा था और उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। योगेश देहरादून में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। हाल ही में रिश्तेदारी में शादी होने के कारण वह कुछ दिन पहले ही अपने घर धामपुर आया हुआ था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन रो-रोकर बेसुध हैं। स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस द्वारा युवक की तलाश लगातार जारी है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# हरियाणा के दामाद ने बढ़ापुर में खाया जहर, मौत

### पारिवारिक कलह के चलते उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** पारिवारिक कलह के चलते हरियाणा के दामाद ने यहां जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हरियाणा के जिला फतेहाबाद के ग्राम रतियाखेड़ा निवासी रवि कुमार पुत्र नौसा सिंह की शादी तीन वर्ष पहले क्षेत्र के ग्राम रामजीवाला निवासी फौजा सिंह की पुत्री रजविंद्र कौर के साथ हुई थी। रजविंद्र कौर पारिवारिक विवाद के चलते लगभग पिछले ढाई वर्षो से अपनी मायके में ही रह रही है। दामाद रवि तीन दिन पहले अपनी ससुराल में आया था। सूत्रों का कहना है कि वह अपनी पत्नी रजविंद्र कौर को ले जाना चाहता था। लेकिन रजविंद्र कौर तैयार नहीं थी। इस बीच परिवारिक कलह के चलते उसने रात्रि में ही उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर ससुरालियों ने रवि को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर उपचार के दौरान शनिवार को रवि की मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। मृतक के परिजनों को इस संबंध में सूचना दी जा रही है। अभी किसी भी पक्ष के द्वारा पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

# बोर्ड परीक्षा के बीच देर रात तक बज रहे डीजे

### पुलिस प्रशासन बिल्कुल मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** शादियों के मौसम में शराबी बारातियों के द्वारा खुलेआम गुंडागर्दी करते हुए देर रात तक जोरदार आवाज में डीजे बजाते हुए सड़कों पर डांस किया जा रहा है। जिससे परीक्षार्थी व दिल के मरीज परेशान है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के दौरान रात्रि 10 बजे के बाद डीजे व तेज ध्वनि में लाउडस्पीकर बजाने पर सख्त पाबंदी के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे ताकि छात्र-छात्राओं को शांत वातावरण मिल सके। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी रात को दस बजे के बाद किसी भी तरह के ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद नगर में देर रात तक डीजे और शोर-शराबा जारी रहने से अभिभावकों व परीक्षार्थियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इन दिनों हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को रात में पढ़ाई के लिए शांत माहौल की आवश्यकता होती है, लेकिन विभिन्न मोहल्लों में शादी समारोह और अन्य आयोजनों के नाम पर देर रात तक डीजे की तेज आवाज गूंज रही है। इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस संबंध मे अच्छे से जानाकरी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली। नियमों के बावजूद ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण न होना प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। अभिभावकों ने मांग की है कि बोर्ड परीक्षाओं की अवधि तक रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यार्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण मिल सके और वह बिना व्यवधान के अपनी तैयारी कर सके।

# सैदपुर में भाकियू की महापंचायत

## राकेश टिकैत को सुनने के लिए उमड़ी भारी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भाकियू टिकैत की महापंचायत में प्रवक्ता राकेश टिकैत को सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। संगठन के कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त जोश देखा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सैदपुर माफी में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चौधरी महेंद्र सिंह ने की। संचालन देवराज चौहान ने किया। महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि अमेरिका के साथ डील में किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है। सरकार किसानों को गुलाम बनाना चाहती है किसानों को एकजुट होकर सरकार की इस भेदभाव पूर्ण व गलत नीति का विरोध करना चाहिए। अगर किसान गुलाम बन गया, तो समझो देश भी गुलाम बन गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का हर कदम किसान व मजदूर विरोधी है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी ताकत का अहसास कराना होगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को अमरपाल चौधरी ने अपनी टीम के साथ पहुंच कर हल भेंट किया। पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह उर्फ सोनू चौधरी, मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, राम अवतार सिंह, देवेंद्र चौधरी, अशोक धनकड़, ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर गौतम मालवा, नेमपाल सिंह, अनिक चौधरी, राजीव प्रधान, मनीष धनकड़, मोहित चौहान, राजेश सैनी, सुशील शर्मा, जगनंदन सिंह, कामेंद्र प्रधान, वीरेंद्र, मास्टर लुधियाना सिंह, राजीव चौधरी, मौहम्मद वसीम, फखरुद्दीन, डॉ. शमीम राही, कफील सैफी, अशफाक अली आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

### हिंदी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने पर हुआ मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में आईसीएसएसआर, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का द्वितीय व समापन दिवस शनिवार को सम्पन्न हुआ। समापन सत्र में देश-विदेश से आए विद्वानों ने हिंदी भाषा के वैश्विक स्वरूप, तकनीकी युग में उसकी उपयोगिता और भारतीय भाषाओं के संरक्षण पर विस्तार से विचार रखे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दीपक पाण्डेय ने हिंदी को भारत की संपर्क भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी आज केवल देश की भाषा नहीं रही, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि कबीर, तुलसी और मीरा की परंपरा से निकली हिंदी आज तकनीकी विकास के साथ कदमताल कर रही है और डिजिटल युग में इसकी भूमिका और भी मजबूत हुई है। प्रवासी भारतीयों के प्रयासों से विदेशों में हिंदी का प्रचार-प्रसार हो रहा है, जो सराहनीय है।

विशिष्ट वक्ता डॉ. नूतन पाण्डेय ने मातृभाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हिंदी न केवल संवाद की भाषा है, बल्कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों की संवाहक भी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल कोर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और तकनीकी साधनों के माध्यम से हिंदी को और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है।

विशिष्ट वक्ता डॉ. मनोज कुमार ने हिंदी के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजगार के क्षेत्र में हिंदी की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। मीडिया, सिनेमा, साइंस और जनसंचार जैसे क्षेत्रों में हिंदी का व्यापक प्रयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के बावजूद अंतर-क्षेत्रीय संवाद में हिंदी की भूमिका आज भी महत्वपूर्ण बनी हुई है।

कार्यक्रम में केंद्रीय हिंदी संस्थान से जुड़े डॉ. दीपक पाण्डेय ने अंत. रराष्ट्रीय संगोष्ठी को सफल बताते हुए वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी के इतिहास और उसके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पुष्पलता चौहान ने की। संचालन संगोष्ठी की संयोजक डॉ. अल्पना सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, शोधार्थियों एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में संगोष्ठी की समीक्षा प्रस्तुत की गई और धन्यवाद ज्ञापन के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# मक्का में युवक की मौत

### बस ने मारी कार में जोरदार टक्कर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मक्का में दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला नई बस्ती निवासी हसीनुद्दीन का पुत्र मौहम्मद शाहवेज उर्फ शहरोज (31 वर्ष) पिछले पांच सालों से मक्का में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। शाहवेज अपनी कार से विजिट पर निकले थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में आग लग गई और कुछ ही पलों में पूरी कार जल कर राख हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने शाहवेज को किसी तरह कार से बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुके थे और उनकी मौत हो गई। जैसे ही हादसे की खबर बिजनौर स्थित उनके घर पहुंची, तो परिवार में कोहराम मच गया। मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के बड़े भाई नदीम ने बताया कि शाहवेज को सऊदी अरब में ही सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

शाहवेज अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। उनका छोटा बेटा जनवरी 2026 में ही पैदा हुआ था। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में गहरा दुख जाहिर किया जा रहा है।

## एक नजर

### गुलदार का शव बरामद

**चंदक।** ग्राम रायपुर व किशनपुर मार्ग पर मादा गुलदार का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन दरोगा रूचित चौधरी ने मौके पर आ कर जांच की। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि गुलदारों में आपस में संघर्ष हुआ होगा। गुलदार के शव को वन विभाग के कर्मचारी अपने साथ बिजनौर ले गए।

### शादी का झांसा देकर रेप

**कालागढ़।** युवती को शादी का झांसा दे कर उसके साथ अवैध संबंध बनाए गए। पीड़ित युवती ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसआई जसवंत सिंह ने बताया कि सलाउद्दीन उर्फ अली निवासी ग्राम जिकरीवाला (अफजलगढ़) के द्वारा लगभग तीन वर्षों से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबन्ध बनाए गए। युवती से शादी किए बिना आरोपी युवक सऊदी चला गया। वर्तमान में भी सलाउद्दीन उर्फ अली ने सऊदी से वापस आकर युवती के साथ शारीरिक संबन्ध बनाए। युवती ने बताया कि उसने कई बार शादी के लिए युवक पर दबाव बनाया, लेकिन वह टाल मटोल करता रहा। युवक फिर सऊदी चला गया। उसके परिजनों ने भी युवती को धमकाया।

### बढ़ रही कैंसर की बीमारी



**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर की बीमारी से ग्राम के आधा दर्जन लोग पीड़ित है। इस बीच ग्राम में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कैंप लगाया गया। कैंप में खून, शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू आदि की जांच की गई। डॉ. अंकित कुमार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर कैंप लगाया गया। कैंप में डॉ. रविंद्र कुमार, कनिका स्टाफ नर्स, विजय कुमार एलटी, डॉ. अंशिका गौड़ आदि शामिल थी। दूसरी तरफ जल निगम के अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार से दो दिन पहले शिकायत की गई थी कि ग्राम में पाइप लाइन बिछाई गई थी, वह कई जगह से लीकेज है। जल निगम के जेई अतुल यादव, ऑपरेटर राजकुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लीकेज का निरीक्षण किया। जबकि डॉ. अंकित कुमार ने बताया कि पिछले कुछ सालों में ग्राम काशीरामपुर में कैंसर पीड़ितों की कुछ मौतें हुई है। ग्रामीण मुकेश कुमार, साबिर, अमन, अजीम, फैजान, धनीराम सिंह, मौहम्मद शाहिद आदि ने कहा कि कैंसर से संबंधित मरीजों की जांच होनी चाहिए।

### वन मंत्री का दौरा



**कालागढ़।** वन मंत्री ने हाथी कैम्प का दौरा किया। जहां हाल ही में रेस्क्यू की गई मादा शिशु का नामकरण कर मालनी रखा गया। वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षार्थियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। वन मंत्री ने वैज्ञानिक वन प्रबंधन, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं नवाचार को संरक्षण कार्यों की आधारशिला बताया। वन मंत्री द्वारा प्रशिक्षण प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों के समुचित उपयोग पर विशेष बल दिया गया।

### चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा



**चांदपुर।** थाना शिवाला कलां पुलिस ने एक ग्रामीण द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर वादी के घर में चोरी करते समय एक चोर को रंगे हाथों चोरी करते गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कार्यवाही की है। ग्रामीण की तहरीर के अनुसार आरोपी चोर अनस पुत्र हनीफ नौगांवा सादात जनपद अमरोहा द्वारा वादी के घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास कर रहा था। तभी परिवार वालों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रभात की मौत जहरीले पदार्थ से होने की पुष्टि

**नजीबाबाद।** कस्बा साहनपुर में गुरुवार को प्रभात नामक जूस विक्रेता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के भाई राकेश कुमार ने नजीबाबाद पुलिस से शिकायत कर प्रभात की मौत पर शक जाहिर करते हुए जांच की मांग की थी। पुलिस ने प्रभात का शव शमशान से चिता जलने से पहले ले जाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की पत्नी कल्पना ने शराब पीने से तबियत बिगड़ने के बाद प्रभात की मौत की बात बताई थी। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विषैला पदार्थ का सेवन की पुष्टि हुई है। मृतक का बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। जिसे जांच के लिए मुरादाबाद भेजा जाएगा।

# गालिब उर्दू अकाडमी देहली में सम्मानित हुए फारूक बिजनौरी



### ऑल इण्डिया मुशायरे का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उर्दू अकाडमी देहली सरकार के सहयोग से एवं फलाह मासूम ट्रस्ट देहली के तत्वावधान में मशहूर शायर फारूक बिजनौरी के एजाज में ऑल इण्डिया मुशायरे का आयोजन डॉ. ए.एच. खान की सदारत में किया गया।

मुख्य अतिथि उर्दू अकाडमी देहली के पूर्व वाइस चान्सलर एवं भारत सरकार के द्वारा पदम श्री अवार्ड से सम्मानित प्रोफेसर अख्तर उल वासे रहे। मुख्य अतिथि एवं शायर मतीन अमरोही द्वारा मशहूर व मारूफ अन्तर्राष्ट्रीय शायर फारूक बिजनौरी को शॉल ओढ़ाकर एवं मशहूर शायर व राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र के चीफ एडीटर मरहूम सय्यद असद रजा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रो. अख्तर उल वासे साहिब ने रजा जी के बारे में कहा कि वो एक बेहतरीन शायर के साथ-साथ एक शानदार सहाफी भी थे। कई दशकों तक उन्होंने राष्ट्रीय सहारा में काम किया। उनकी तकरीबन बाइस किताबें मन्जर ए आम पर है और आठ-दस मुल्कों का आपने सफर किया। इसी के साथ ही साथ आपने बिजनौर से अपना गहरा सम्बंध बताया। मरहूम आफताब अहमद सिद्दीकी एडवोकेट को अपना सरपरस्त बताया और अलीगढ़ तहरीक में साथ-साथ रहने का जिक्र किया। असद रजा के बेटे स. समर रजा ने भी अपने वालिद के बारे में अपना ख्याले इजहार किया। असद की बेटी सना रजा भी मौजूद रही। मुशायरे का संचालन मशहूर शायर दर्द देहलवी ने किया। मुशायरा देर रात तक कामयाबी के साथ चलता रहा।

अन्त में कन्वीनर रहे अब्दुल समद देहली ने सभी सामाईन का शुक्रिया अदा किया।

# नूरपुर परिक्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

## बसंत कालीन बुवाई हेतु किसानों को दिए उन्नत खेती के मंत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर विश्वामित्र पाठक द्वारा चीनी मिल बिंदल पेपर्स (नूरपुर) के परिक्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों का सघन दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने बसंत कालीन गन्ना बुवाई की तैयारियों और गन्ना विकास गतिविधियों की जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

**उन्नत प्रजातियों और पंचामृत खेती पर जोर**

ग्राम शाहपुर खेड़ी में आयोजित एक विशाल कृषक गोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने किसानों को अपनी आय दोगुनी करने हेतु पंचामृत विधि अपनाने की सलाह दी। उन्होंने वैज्ञानिक खेती के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

**उन्नत प्रजातियां:** किसानों को कोशा 13235, 17231, 18231, 19231, 0118, को लख 16202, 14201 और जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए को. 9801 की बुवाई हेतु प्रेरित किया गया।

**तकनीकी विधियां:** ट्रेंच प्लांटिंग, सहफसली खेती, ड्रिप इरीगेशन, पेड़ी प्रबंधन और फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया गया। मृदा स्वास्थ्य पर बुवाई के समय भूमि शोधन हेतु ट्राइकोडर्मा के अनिवार्य प्रयोग की सलाह दी गई। गोष्ठी में उपस्थित चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह ने मिल द्वारा किसानों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**यंत्रीकरण और आय वृद्धि का अवलोकन पर जानकारी**

गोष्ठी के उपरांत श्री पाठक ने ग्राम बसेड़ा तगा में प्रगतिशील किसान राजेंद्र सिंह के खेत पर आर.एम.डी. (रटून मैनेजमेंट डिवाइस) के सफल प्रयोग का निरीक्षण किया। उन्होंने इसे यंत्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। इसी ग्राम में शरद कालीन गन्ने के साथ सरसों की सहफसली खेती का भी अवलोकन किया गया, जो किसानों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है।

**गोदाम निरीक्षण और खाद की उपलब्धता**

कृषि निवेशों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सैदपुर खाद गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भौतिक स्टॉक, कृषि निवेश ऐप, (एसजीके, और पॉस मशीन का मिलान सही पाया गया। स्टोर प्रभारी को कड़े निर्देश दिए गए कि बसंत कालीन बुवाई हेतु खाद एवं अन्य इनपुट्स की कोई कमी न होने पाए।

**महिला स्वयं सहायता समूहों का योगदान**

बीज बदलाव अभियान के तहत ग्राम ईसापुर में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की जा रही सीडलिंग (नर्सरी) कार्य का निरीक्षण किया गया। समूह द्वारा 18231, 13235 और को.0118 जैसी आधुनिक प्रजातियों की पौध तैयार की जा रही है, जो भविष्य में स्वस्थ बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

निरीक्षण के अंत में चीनी मिल द्वारा किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्र सबसॉइलर का भी भौतिक सत्यापन किया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर बिजनौर ने कृषकों को उनकी अतिरिक्त आय के सह फसली श्रोत के टिप्स भी दिए।


### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र निक्की कुमार गलत संगत में पड़ गया है। वह मेरा कहना नहीं मानता है और अभद्र व्यवहार करते हुए तरह-तरह की धमकी देता है। उसके कार्यों व व्यवहार से मैं तंग आ चुका हूं। मैं उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा। **नरेश कुमार पुत्र राम किशन निवासी ग्राम बनवारीपुर, पोस्ट कोतवाली, जनपद बिजनौर।**

## एक नजर

### सड़क निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** तहसील एसडीएम कोर्ट धामपुर में लगभग 150 मीटर लंबी सड़क की खराब स्थिति को लेकर अधिवक्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया कि उन्होंने यह भी कहा कि इसी मार्ग से आला अधिकारियों व आम जनता का आवागमन भी होता है, फिर भी सड़क की मरम्मत न होना चिंता का विषय है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने अधिवक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने और जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वाले में एडवोकेट कुणाल गांधी, एडवोकेट शाहिद मंसूरी (उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन धामपुर), एडवोकेट हिरेंद्र कुमार, एडवोकेट तालिब खान, एडवोकेट शाहरुख मलिक, एडवोकेट अर्चना, एडवोकेट शादान सईद (संयुक्त सचिव बार एसोसिएशन धामपुर), एडवोकेट हरिओम सिंह, एडवोकेट काजिम खान, एडवोकेट राजवीर सिंह, आशु एडवोकेट, दिलशाद एडवोकेट, एडवोकेट आमिर अंसारी, नरोत्तम सिंह एडवोकेट, मौहम्मद परवेज सहित काफी संख्या मे अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### टेम्पो की टक्कर से साइकिल सवार घायल



**नहटौर।** फुलसंदा-लल्लावाला संपर्क मार्ग पर ग्राम फुलसंदा निवासी विनोद कुमार (50 वर्ष) पुत्र चुन्नीलाल अपनी साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक टेम्पो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि विनोद कुमार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल विनोद कुमार को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उनकी हालत चिंताजनक बताई। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें होने के कारण, उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**नहटौर।** आगामी होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए थाने में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने स्थानीय गणमान्य नागरिकों और त्यौहार कमेटियों के साथ संवाद स्थापित किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था और जुलूस के सफल आयोजन को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से होली के अवसर पर निकलने वाले जुलूस मार्गों की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। इस दौरान मार्ग में पड़ने वाली बिजली की लटकती तारों, साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई, जिसके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। बैठक में थाना प्रभारी, ईओ ओम गिरी सहित भारी संख्या में कस्बे के हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग और शांति समिति के सदस्य के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, कपिल शर्मा, अर्पित गुप्ता, बिट्टू जैन, मोहित भारद्वाज, मणिकांत शर्मा, पूर्व सभासद खुर्शीद आलम अंसारी, नबील अहमद, महफूज उर्फ गुड्डा मौजूद रहे।

### 205 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**नहटौर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को नहटौर स्थित संगम सरोवर बैंकट हॉल में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों ने शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के लिए कुल 234 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से 205 जोड़े कार्यक्रम में उपस्थित हुए। 190 हिन्दू व 15 मुस्लिम जोड़ों का विवाह उनके संबंधित धर्म और रीति-रिवाजों के अनुसार पूरी विधि-विधान से संपन्न कराया गया। हिंदू जोड़ों ने अग्नि के समक्ष फेरे लेकर सात जन्मों के साथ का संकल्प लिया। मुस्लिम जोड़ों का निकाह उलेमाओं द्वारा सुन्नत के अनुसार पढ़ाया गया। प्रशासन द्वारा नवविवाहित जोड़ों के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि और घरेलू सामान के किट भी जोड़ों को भेंट किए गए। संगम सरोवर बैंकट हॉल में मेहमानों के लिए जलपान और बैठने की समुचित व्यवस्था रही। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, कपिल शर्मा, चमन दाहिया, एडीओ पंचायत मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### शातिर अनमोल तमंचे के साथ दबोचा



**नहटौर।** पुलिस ने जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नहटौर के कोतवाली देहात मार्ग पर गांव सादिकाबाद तिराहे के पास चेकिंग के दौरान हुई। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अनमोल दहिया पुत्र मनोज निवासी इनामपुरा, थाना मंडावर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी तलाशी के दौरान 12 बोर का एक अवैध तमंचा और 12 बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए।

# परीक्षा देने जा रहे युवक की मौत

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना नेशनल हाईवे पर हुए एक और सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया। नौकरी की तलाश में नाबार्ड की परीक्षा देने जा रहे नगीना निवासी शिवांकर भारती की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार नगीना के मौहल्ला अंबेडकर नगर निवासी शिवांकर भारती (23 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र कुमार बाइक से मुरादाबाद स्थित परीक्षा केंद्र जा रहे थे। जब वह धामपुर क्षेत्र के गांव शहजानी के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवांकर की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई।





सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक के पास मिले कागजात के आधार पर उसकी पहचान की गई और धामपुर पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन धामपुर कोतवाली पहुंच गए। वहां परिजन रोते-बिलखते नजर आए और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे।

परिजनों का कहना है कि शिवांकर पढ़ाई और नौकरी को लेकर बेहद गंभीर था। उसने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोशल मीडिया से भी दूरी बना ली थी। वह दो भाइयों में बड़ा था और परिवार की उम्मीदों का सहारा माना जाता था। शिवांकर के पिता सुरेंद्र कुमार नगीना पोस्ट ऑफिस में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत हैं। बेटे की असमय मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे की जानकारी मिलने पर रिश्तेदारों और परिचितों का घर पर तांता लग गया। पूरे मौहल्ले में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने नगीना हाईवे पर लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ने की पैदावार बढ़ाने के गुर सिखाए

## प्रजाति 0238 में रेड रॉट रोग लगने से घटी पैदावार : नरपत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गन्ना प्रजाति 0238 में रेड रॉट बीमारी के कारण गन्ना उत्पादन में तेजी से गिरावट आई, जिसमें चीनी मिलों को आर्थिक क्षति और किसानों को भारी नुकसान हुआ। इसी से किसान और मिल को उभारने हेतु उत्तम मिल बरकतपुर ने गन्ने की एक आंख से पौध तैयार करने के लिए कार्यक्रम शुरू किया। इसके साथ ही रोगग्रस्त प्रजाति 0238 बुलवाई कदापि न करे।

गन्ने की अधिक पैदावार लेने के लिए मिल मालिक पुत्र जय अदलखा द्वारा चीनी मिल फार्म पर सबसायलर एवं एमबी प्लाऊ चलाकर खेत तैयार करने और गहरी जुताई जानकारी किसानों के साथ साझा की। इन्होंने



इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों से गन्ने को बीमारी से बचाव और पैदावार बढ़ोतरी के लिए भूमि उपचार, बीज उपचार के साथ सहफसली और हरि खाद, फसल उगाने, गहरी जुताई करने व ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने की सलाह दी।

इस मौके पर अधिशासी निदेशक शंकर लाल शर्मा ने बताया कि सभी कीटनाशक एवं खाद मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसका लाभ किसान भाई उठा सकते हैं। जिसके साथ ही मिल संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने गन्ने की फसल में सल्फर व माइक्रो न्यूट्रिएंट के प्रयोग का आह्वान करते हुए मिल द्वारा 12 फरवरी तक का गन्ना भुगतान किए जाने की जानकारी दी।

इसके साथ ही संयुक्त अध्यक्ष ने किसानों से आह्वान किया कि रोगग्रस्त प्रजाति 0238 की बुवाई बिल्कुल नहीं करे, रोगग्रस्त प्रजाति 0238 से किसानों और मिल को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस मौके पर गन्ना सलाहकार डॉ. डीबी फोनडे, नम्रता पांडे, कुलदीप सिंह, चांद वीर सिह, शेर सिंह, डालचंद, प्रशांत चौधरी, युधिष्ठिर, अमरपाल सिंह, कुलबीर सिंह आदि मिल पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# चार माह बाद सड़क चौड़ीकरण शुरू

## 28 करोड़ की योजना में 35 पेड़ों को लेकर बनी थी अड़चन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। करीब चार महीने से अटकी 28 करोड़ रुपये की बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण योजना पर आखिरकार काम शुरू हो गया है। दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना तक प्रस्तावित सड़क के चौड़ीकरण को लेकर लंबे समय से वन विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के बीच अनुमति संबंधी विवाद बना हुआ था, जिसके चलते परियोजना ठप पड़ी थी।

जानकारी के अनुसार सड़क के दायरे में आने वाले लगभग 35 पेड़ों को काटने की अनुमति केंद्र सरकार स्तर पर लंबित थी। वन विभाग ने पहले कार्य शुरू होते ही आपत्ति दर्ज कराई थी, जिससे निर्माण कार्य रोक दिया गया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी और वन विभाग के अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत हुई। मगर



कोई नतीजा नहीं निकल सका। करीब डेढ़ माह पूर्व दोनों विभागों के बीच सहमति बनी कि जिन स्थानों पर पेड़ बाधक हैं, वहां फिलहाल कार्य नहीं किया जाएगा, जबकि शेष हिस्सों में सड़क चौड़ीकरण का काम आगे बढ़ाया जाएगा।

स्थानीय विधायक अशोक राणा के हस्तक्षेप के बाद मामला आगे बढ़ा और विभागीय स्तर पर समाधान निकल सका। इसके परिणामस्वरूप अब सड़क निर्माण का कार्य दोबारा शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए पेड़ों वाले हिस्सों को छोड़ा जाएगा और जहां संभव होगा, वहां वैकल्पिक रूप से पौधारोपण भी किया जाएगा।

इस मार्ग पर बीते चार महीनों के दौरान कई छोटे-बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं। संकरी सड़क और भारी वाहनों की आवाजाही के चलते लोगों को आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण शुरू होने से आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

हालांकि लोगों में यह सवाल भी उठ रहा है कि धामपुर-नहटौर मार्ग, जो लंबे समय से खराब स्थिति में है और जहां भी हादसे होते रहते हैं, उसका सुधार कार्य कब शुरू होगा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग को भी जल्द प्राथमिकता में लेकर चौड़ीकरण और मरम्मत कराई जाए।

फिलहाल 28 करोड़ रुपये की इस योजना के धरातल पर उतरने से धामपुर के लोगों को बड़ी राहत मिली है। उम्मीद की जा रही है कि कार्य निर्धारित समय में पूरा होने पर क्षेत्र को बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा मिल सकेगी।

# आलमपुर गांवड़ी में क्रासिंग न होने से परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गांव आलमपुर गांवड़ी में क्रॉसिंग न होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्राम वासियों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर गांव के बीच में क्रॉसिंग बनाने की मांग की है।

आलमपुर गांवड़ी के निवासियों ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर बसा गांव आलमपुर में क्रॉसिंग न होना बहुत ग्रामीणों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि प्रत्येक गांव के सामने दो-दो स्थानों पर क्रॉसिंग मौजूद हैं। अफजलगढ़ - धामपुर मार्ग पर बसे आलमपुर गांवड़ी गांव की आबादी गांव के पूरब की ओर बसी है जबकि गांव के किसानों की बड़ी संख्या में खेती की भूमि पश्चिम की ओर है तथा पश्चिम में ही पिण्ड





स्थल व चामुण्डा देवी श्मशान घाट है। सड़क हाईवे के पश्चिम में है। राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच में फुटपाथ पर लगभग ढ़ाई किलोमीटर तक छह फिट ऊंची लोहे की रेलिंग लगी है तथा क्रासिंग गांव के दक्षिण में डेढ़ किलोमीटर दूरी पर व उत्तर में एक किलो मीटर दूरी पर विधायक जी की कोठी के सामने तो क्रॉसिंग बनाया गया है। ग्रामीणों को यदि समीपवर्ती नगर अफजलगढ़ जरूरत का सामान व दवाई आदि लेने जाना पड़ता है, या खेती-बाड़ी के कार्यों के लिए बैलगाड़ी द्वारा महिलाएं पुरुष व बच्चे खेत पर जाते हैं तो उनको एक से डेढ़ किलोमीटर घूम कर जाना आना पड़ता है। बच्चे तथा युवा रेलिंग पर चढ़कर पार करते हैं। ग्रामीणों की मृत्यु होने पर शवों को भी रेलिंग के ऊपर से उतार कर ले जाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का भय रहता है। रामकुमार सिंह सिंह, नरेन्द्र कुमार, गोपाल सिंह, राजेश सिंह, जसवन्त सिंह ओमपाल सिंह, नत्थू सिंह, करन सिंह, जयप्रकाश, कृष्णपाल सिंह, गजराज सिंह, राजू सिंह, राजेंन्द्र सिंह, हरिचन्द्र सैनी, रुपचन्द सैनी, करन सिंह आदि आलमपुर गांवड़ी के ग्राम वासियों केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर गांव के बीच में क्रॉसिंग बनाने की मांग की।

## एक नजर

### वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा पंचम सेमेस्टर के छात्र यश शर्मा ने 70.60 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अक्षय ने 68.60 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं मौहम्मद ज़की ने 67.10 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.फार्मा सप्तम सेमेस्टर की छात्रा पारिसा ने 77.42 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अनिल कुमार ने 77 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं अलाफिया सैफी ने 75.85 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इंडस्ट्रियल एक्सपोजर विजिट





**धामपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत चयनित 100 छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्रियल एक्सपोजर विजिट आज धामपुर शुगर मिल में कराया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने धामपुर शुगर मिल के केन करियर से लेकर ड्रायर हाउस तक भ्रमण किया तथा शुगर उत्पादन, केमिकल, पावर प्लांट आदि से संबंधित जानकारियां प्राप्त की। फैक्ट्री विजिट के बाद वीडियो के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को विवेक सिंह यादव के द्वारा जानकारी साझा की गई। इंडस्ट्रियल एक्सपोजर विजिट का नेतृत्व मुन्नालाल त्रिवेदी खंड शिक्षा अधिकारी, अरुण प्रकाश, ललित वीर सिंह, देवराज सिंह, मुकेश कुमार श्रीमती दिशा रानी, नीरज कुमारी, प्रवेश रानी, हिमांशु चौहान के द्वारा कराया गया। धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा बच्चों को विस्तृत जानकारियां दी गई। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बच्चों से फैक्ट्री विजिट के बाद उनसे जानकारी भी प्राप्त की और खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल त्रिवेदी को इस प्रकार के एक्सपोजर विजिट को कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। एक्सपोजर विजिट को सफल बनाने के लिए धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों की ओर से विजय कुमार गुप्ता, उपेंद्र तोमर, अभय शर्मा, अजय पांडेय, करणवीर सिंह, शरद गहलोत एवं अन्य सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

### ट्रक यूनियन में आक्रोश



**स्योहारा।** गन्ना मिल परिसर में उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब ट्रक यूनियन के अध्यक्ष के साथ कथित रूप से केन मैनेजर द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगा। घटना के बाद ट्रक चालकों में भारी रोष फैल गया और उन्होंने विरोध स्वरूप अपने ट्रकों को खड़ा कर मिल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि किसी मुद्दे को लेकर ट्रक यूनियन पदाधिकारियों और मिल प्रबंधन के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान केन मैनेजर पर ट्रक यूनियन अध्यक्ष के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा, जिससे चालक भड़क उठे। देखते ही देखते मिल परिसर में ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं और गन्ना ढुलाई का कार्य प्रभावित हो गया। आक्रोशित चालकों ने मिल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सम्मानजनक व्यवहार की मांग की। उनका कहना था कि ट्रक चालक मिल की रीढ़ हैं और उनके प्रतिनिधियों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल मिल परिसर में तनावपूर्ण शांति बनी है।

### नशा मुक्ति के रूप मे मनाया प्रथम दिवस



**हीमपुर दीपा।** एसपी डिग्री कॉलेज तिगरी से राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आज थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट से प्रारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिन नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई एवं छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को नशा मुक्त भारत के लिए आह्वान कराया गया। इसके साथ-साथ नशे से होने वाली बीमारियों एवं जनहानि के बारे में अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने पर आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का शुभारंभ रिवन काटकर किया। सभी स्वयंसेवकों को अग्रिम छः दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंबिका बंसल ने स्वयंसेवकों को कार्यभार सौपा। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी के अतिरिक्त संगीता सिंह, जितेंद्र सिंह, कपिल शर्मा, गुरदीप सिंह, आसिफ मंसूरी आदि प्रवक्ताओं के साथ-साथ स्वयंसेवक नमन सहित हिमांशु, कावेरी, उमरा, प्राची, अमन, अंकिता, आर्यन, अक्षित, गौतम, कृष्णा आदि का विशेष योगदान रहा।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.

युवा भाजपा नेता

बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह

जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।

विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।

भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।

Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी

(ठेकेदार)

संभावित प्रत्याशी

प्रधान पद

राजा का ताजपुर



# स्ट्राबेरी की खेती बदलेगी किसानों की तकदीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गेहूं और धान की लकीर के फकीर बने रहने के दिन अब खत्म हो गए हैं। जिले के किसानों के भीतर कुछ अलग ही करने की अलख जाग गई है। मिट्टी से सोना उगाने वाले यहां के अन्नदाता अब स्ट्राबेरी की खेती करके अपनी तकदीर बदल रहे हैं। क्योंकि स्ट्राबेरी विकास योजना के तहत इस साल जिले के 35 किसानों ने इस विदेशी फल की बागवानी का बीड़ा उठाया है। सरकार की ओर से मिले 25 हेक्टेयर के लक्ष्य और किसानों के निजी प्रयासों से जिले में लगभग 100 हेक्टेयर जमीन पर स्ट्राबेरी की लाली बिखर रही है। स्ट्राबेरी की खेती धीरे-धीरे जिले के किसानों को जमकर लुभा रही है। अधिक लागत और अधिक लाभ वाली इस फसल को लगाने के लिए कहां से पौधे मंगाये जाते हैं और इसकी मांग भी काफी बड़े और नामचीन शहरों में बहुत रहती है। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि इस खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पौधे महाबलेश्वर (पुणे) से मंगाए जाते हैं। सम्भल की स्ट्राबेरी की मांग केवल दिल्ली में ही नहीं, बल्कि कोलकाता, जयपुर, चंडीगढ़, मुरादाबाद, लखनऊ, देहरादून और मेरठ जैसे बड़े शहरों में भी है। फसल का चक्र 20 सितंबर से शुरू होकर मार्च तक चलता है, जिसकी तुड़ाई जनवरी से शुरू हो जाती है। इस बार जिले के 75 प्रतिशत नए किसान इस खेती से जुड़े हैं।।

## लागत अधिक लेकिन मुनाफे की गारंटी भी

**सम्भल।** जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि स्ट्राबेरी की खेती अन्य पारंपरिक फसलों के मुकाबले महंगी जरूर है, लेकिन इसका मुनाफा किसानों को मालामाल कर देने वाला है। एक हेक्टेयर में लगभग 12 से 13 लाख रुपये की लागत आती है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा लेबर कॉस्ट और पुणे व हिमाचल से आने वाले उच्च गुणवत्ता के पौधों का होता है। हालांकि, दिल्ली की आजादपुर मंडी पास होने के कारण किसानों को बाजार की चिंता नहीं रहती। बेहतर भाव मिलने पर किसान प्रति हेक्टेयर 7 से 8 लाख रुपये तक की शुद्ध आमदनी आसानी से कर लेते हैं।

## मेहंगी खेती सुगम बनाने को दी जाती है 80 प्रतिशत सब्सिडी

**सम्भल।** उद्यान विभाग और सरकार की ओर से ड्रिप सिंचाई और मलचिंग एवं पौधा आदि इनपुट के लिए सब्सिडी दी जा रही है, जो इस महंगी खेती को सुगम बनाती है। लघु एवं सीमांत किसान के लिए 90 प्रतिशत तक व सामान्य श्रेणी (2 हेक्टेयर से अधिक) पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है।

## किसानों की ज़बानी 10 गुना अधिक कमाई

**सम्भल।** प्रगतिशील किसान कुलदीप ने बताया कि एक एकड़ में पहली बार फसल लगाने पर लागत 6.5 से 7 लाख रुपये आती है, जो दूसरे साल घटकर 6 लाख रह जाती है। कुलदीप के अनुसार, स्ट्राबेरी की पहली फसल बाजार में बहुत ऊंची कीमत पर बिकती है। 2 किलो की एक ट्रे 700 से 1200 रुपये तक मिल जाती है। जहां पारंपरिक खेती में अधिकतम आमदनी 70 हजार से 1 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर सिमट जाती है, वहीं स्ट्राबेरी से किसान 5 से 6 लाख रुपये की शुद्ध बचत कर रहे हैं। यह कमाई परंपरागत खेती से 10 गुना ज्यादा है।

## तकनीकी रूप से सक्षम बनाने को प्रशिक्षण से निखरेगी खेती

**सम्भल।** किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र और ग्राम चौपाल और किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों विशेषज्ञों और अनुभवी वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मलचिंग तकनीक और ड्रिप सिंचाई के गुर सिखाए जा रहे हैं।

## आवेदन करने के लिए प्रक्रिया है बहुत ही सरल

**सम्भल।** यदि इस योजना का लाभ उठाकर स्ट्रॉबेरी या ड्रैगन फ्रूट की खेती करना चाहते हैं, तो प्रक्रिया बेहद सरल है।

## यहां करें पंजीकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आनलाइन पोर्टल उत्तर प्रदेश उद्यान विभाग की आधिकारिक वेबसाइट uphorticulture-in पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। ऑनलाइन संपक किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय या अपने क्षेत्र के जन सेवा केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## यह चाहिए दस्तावेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आधार कार्ड की फोटोकॉपीखातौनी जमीन के कागजात बैंक पासबुक की कॉपी सब्सिडी सीधे खाते में भेजने हेतु पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर जो आधार से लिंक हो

सम्भल के किसानों के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है। हम न केवल उन्हें संसाधन उपलब्धा करा रहे हैं, बल्कि ट्रेनिंग के जरिए यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनकी फसल उच्च गुणवत्ता की हो ताकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के दाम मिल सकें

यदि सरकार जागरूकता और बढ़ाए तो यह संख्या और बढ़ेगी, जिससे जिले का नाम और लाभ दोनों बढ़ेंगे। कुलदीप प्रगतिशील किसान



सम्भल। किसानों की तकदीर बदलने वाली स्ट्रोबेरी की खेती को निहारते।

# फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से होलाष्टक का शुभारम्भ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** रंगों के त्यौहार होली का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। होली से 8 दिन पहले फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से होलाष्टक की शुरुआत होगी।
शिव मंदिर गुन्नौर के पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार 24 फरवरी से होलाष्टक शुरू हो रहा है जिसका समापन 3 मार्च को होली पर होगा। सनातन धर्म में होलाष्टक के दौरान शुभ कार्यों नहीं किए जाते। मान्यता है कि होलाष्टक के दौरान ग्रहों की स्थितियां अनुकूल नहीं होतीं जिससे कामों में बाधा आती है। इसी कारण होलाष्टक पर शुभ कार्यों पर ब्रेक लगता है। इसके बाद से मौसम में बदलाव आता है और बसंत की

**024 फरवरी से लगेंगे होलारूटक**

**0 शुभ कार्य इस दौरान नहीं होंगे**

शुरुआत होती है। पंडित श्याम बिहारी महाराज ने बताया कि पंचांग के अनुसार होलाष्टक की शुरुआत फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होती है। ऐसे में इस तिथि की शुरुआत 24 फरवरी को से होगी, वहीं इसका समापन होलिका दहन के दिन 3 मार्च को होगा। सनातन परंपरा में होलाष्टक को अशुभ घड़ी माना गया है। कहते हैं कि इस दौरान किए गए शुभ कार्यों का प्रतिफल अच्छा नहीं होता है इसलिए होलाष्टक के दौरान शुभ काम नहीं किए जाते। इस दौरान विवाह, सगाई और नए रिश्ते की शुरुआत, गृह प्रवेश या नए घर का निर्माण कार्य, मुंडन संस्कार, नामकरण और अन्य सोलह संस्कार, नया वाहन, संपत्ति की खरीदारी और व्यापार में कोई बड़ा या नया निवेश नहीं करना चाहिए।

# कस्तूरबा की छात्राओं को आत्मरक्षा को किया प्रशिक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को प्रशिक्षित किया।



बहजोई व गोविंद बल्लभ पंत प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र चंदौसी की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का सामना करने में सक्षम हों। प्रशिक्षक सुरेश कुमार, रितेश, संतराम व महिला खिलाड़ी पूर्वी राघव ने छात्राओं को टर्निंग किक, साइड फेस किक, हुक पंच की ट्रेनिंग दी। सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं बड़ी ही लगन से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# लापरवाह और अनुपस्थितों पर गिरी डीएम की गाज

**0 अनुपस्थिति मुख्य पशु चिकित्साधिकारी समेत आठ का मांगा स्पष्टीकरण, लापरवाह कानूनगो शहर का भी स्पष्टीकरण तलब**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जबकि बाकी बची शिकायतों को गुणवत्ता परक समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत सम्भल, जीएमडीआईसी, अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना निरीक्षक को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार प्रजापति की शिकायत कि कानूनगो द्वारा आराजी की निशान देही नहीं की जा रही है इस पर जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने पर संबंधित कानूनगो सम्भल नगर क्षेत्र पंकज गुप्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। सुबह दस बजे से दो बजे तक चले सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। जबकि बाकी बची शिकायतों को गुण्वत्ता परक और समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज बिश्नोई आदि मौजूद रहे।



सम्भल- सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी वृद्धा को कम्बल ओढ़ाते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

## एक नज़र इधर भी

### एआई के नए नियमों की सराहना

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** केंद्र सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीफेक कंटेंट को लेकर नए सख्त नियम लागू कर दिए हैं। अब एआई से बने फोटो, वीडियो और ऑडियो पर एआई जनरेटेड लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसकी सराहना की गयी। सरकार के निर्देश के मुताबिक सोशल मीडिया कंपनियों को आपत्तिजनक कंटेंट 3 घंटे के भीतर हटाना होगा। नए नियमों के तहत बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री, धोखाधाड़ी, हथियारों से संबंधित जानकारी फैलाने या किसी व्यक्ति की नकल (डीफेक) करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इन कदमों से डिजिटल प्लेटफार्म पर पारदर्शिता बढ़ेगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। सराहना करने वालों में कार्तिक गोयल, सुरेश गुप्ता, अनिल, प्रशान्त वार्ष्णेय, गर्वित, सात्विक, कल्लू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 54 शिकायतें आईं

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जहां उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार की अध्यक्षता में आम जन की समस्याएं सुनी गई। इनमें राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 35 शिकायतें आई जबकि पुलिस विभाग 5 पूर्ति विभाग 7, ग्राम विकास विभाग 4, विद्युत विभाग 2 व अन्य 1 कुल मिलाकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में 54 शिकायतें आई। शिकायतों को लेकर संबंधित को समय अनुसार निपटारा करने के लिए को निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि लापरवाही बरतने वालें संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा आमजन की शिकायतों को लेकर संबंधित गंभीरता से लें। इस दौरान पुलिस व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।



सम्भल-ग्राम मदाला फत्तेहपुर में महिला की जांच करते चिकित्सक।

### चिकित्सीय शिविर में की जांच

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** शक्ति सेवा पथ फाऊंडेशन के तत्वावधान में ग्राम मदाला फतेहपुर में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण के कार्य के विकास में 37 महिलाओं का चौ. अर्जुन यादप द्वारा चिकित्सका कैंप का आयोजन कराया। शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं अन्य महिलाओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की जांच कराई गई। इसी के साथ शक्त सेवा पथ फाऊंडेशन की अध्यक्ष नीरू चाहल ने सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति खान पान पर विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी। जबकि कैल्शियम आयरन , प्रोटीन तथा फल और दूध को नियमित रूप से अपना खाने में शामिल करने की जानकारी दी। इसी के साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी एवं कुछ गर्भवती महिलाओं से डोर टू डोर जाकर बात की। इनमें आंगनवाड़ी एवं आशाओं महिलाओं ने भी सहयोग किया

### डील के विरोध में भाकियू असली सौंपगी ज्ञापन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भारत अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में भारतीय किसान यूनियन असली अराजनेतिक के नेतृत्व में सम्भल में स्थित मंडी समिति से नई तहसील उप जिलाधिकारी कार्यालय तक मोटर साइकिल मार्च निकाल कर उप जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

# सात साल के अरशान मलिक ने रोजा रखकर मांगी मुल्क की तरक्की की दुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रहमतों और बरकतों से भरे रमजान के पाक महीने में सात साल के मासूम ने रोजा रखकर मुल्क की तरक्की को दुआ मांगी।

हयात नगर थाना क्षेत्र के उप नगरी सराय तरीन मोहल्ला नवाब खेल निवासी पत्रकार खलील मलिक के बेटे अरशान मलिक ने सात साल की आयु में पहला रोजा रखकर खुदा की बारगाह में देश, कौम और तमाम इंसानियत की भलाई और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं,नन्ही सी उम्र, मगर इरादे बुलंद,सहरी के वक्त ही अरशान मलिक के चेहरे पर रोजा रखने की खुशी साफ झलक रही थी,पूरे दिन उसने सब्र, शुक्र और खुशी के साथ रोजा मुकम्मल किया,परिवार के लोगों ने बताया कि अरशान मलिक ने पूरे उत्साह और अदब के साथ इबादत की और रोजे की अहमियत को समझते हुए हर पल अल्लाह की याद में मगन रहा इफ्तार के वक्त जैसे ही अजान की सदा गूंजी, अरशान मलिक ने अपने नन्हे हाथ आसमान की ओर उठाए और मुल्क में अमन-चैन, भाईचार, तरक्की और खुशहाली की दुआ की, उस पल घर का माहौल बेहद रूहानी हो गया,परिवार के लोगों की आंखें नम हो गई, जब अरशान मलिक ने मासूमियत से कहा मैंने सबके लिए दुआ की है,पहला रोजा हर बच्चे की जिंदगी में एक यादगार मुकाम होता है लेकिन अरशान मलिक का यह कदम इसलिए भी खास बन गया।

## इंटरमीडिएट के इतिहास विषय की परीक्षा 28 परीथार्थियों ने छोड़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कड़ी सुरक्षा और सी टी वी कैमरों की निगरानी मं हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई सकूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं जारी है। शनिवार को करायी गईपरीक्षाओं में इंटरीमडिएट के दो दर्जन से अधिक ने परीक्षा छोड़ दी।

शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरी पाली में करायी गई। द्वितीय पाली में इतिहास विषया की परीक्षा के लिए 747 परीक्षज्ञर्थी पंजीकृत थे लेकिन इनमें से 719 परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 28 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हो गयी।

# भाकियू कार्यकर्ता और दारोगा की नोंक-झोंक का वीडियो वायरल

**0धनारी थाना क्षेत्र के दिनौरा चौकी का मामला, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दारोगा और किसान यूनियन आमने-सामने आ गए। दोनों का सोशल मीडिया पर वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। मामला धनारी थाना क्षेत्र की चौकी दिनौरा का बताया जा रहा हे। वीडियो में भाकियू कार्यकर्ताओं और उपनिरीक्षक से नोंक-झोंक हो रही है। हालांकि हम वीडियो की पुष्टी नहीं कर रहे लेकिन जिस तेजी से वीडियो वायल हो रहा है वह चिंताजनक है।

बताया जा रहा है कि धनारी थाना क्षेत्र की चौकी दिनौरा का है। दारोगा जी का कहना है कि मेरा फोन चेक कर लो, एक भी सिंगल चालान नहीं किया... अगर किया हो तो जो चोर का हाल, वही मेरा हाल। जबकि भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने अवैध उगाही का आरोप लगाया जा रहा है। तकरार के बीच दरोगा जी ने दी एससी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी, बोले मैं एससी समाज से हूं, बदतमीजी करोगे तो कार्रवाई होगी। दरोगा जी पर पहले भी रिश्वत लेने तथा अवैध उगाही के आरोप लगा चुके हैं कुछ दिन पहले गांव खलीलपुर के एक मजदूर को भी दरोगा जी के द्वारा पकड़ कर चौकी में बंद किया गया था और 400 लेकर के छोड़ दिया गया था पीड़ित ने कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई दरोगा जी के खिलाफ नहीं हुई। वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल अब सवाल यह है कि कौन सच बोल रहा है?



सम्भल- भाकियू कार्यकर्ताओं से दारोगा की होती नोंक-झोंक।

# खाद्य सुरक्षा के प्रवर्तन दल में नष्ट कराए 250 किग्रा रसगुल्ले

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आगामी होली पर्व के मददेनजर मिलावटखोरों पर कार्रवाई को खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रर्वतन दल ने खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इस दौरान कई खाद्यय पदार्थों के नमूने एकत्र किये।

होली पर्व पर मिलावटी सामान की बिक्री रोकने और मिलावट खोरों पर शिकंजा कसने का जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य एवं पेय पदार्थ में मिलावट पर प्रभावी कार्रवाई हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्राम भिरावटी थाना धनारी स्थित प्रेमपाल पुत्र शिवराज की रसगुल्ला निर्माण इकाई का निरीक्षण किया।मौके पर खाद्य पदार्थ सफेद रसगुल्ला का भंडारण अस्वच्छकर एवं अस्वस्थकर दशाओं में पाया गया। प्रर्वतन दल में शामिल टीम ने 250 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला नष्ट करा दिया। साथ ही खाद्य कारोबार को अग्रिम आदेशों तक बंद' रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा नमूना संग्रहित कर जांच के प्रयोगशाला भेजा। विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य) राजेश कुमार सिंह व सुधीर कुमार सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।



सम्भल-धनारी थाने के भिरावटी में नष्ट कराये गए अस्वस्थकर रसगुल्ले।

# लोक अदालत में लम्बित समस्याओं का किया जाए त्वरित समाधान

**0विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक का आयोजन**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चंदौसी की अध्यक्षता में प्रशासन के सभी अधिकारियों ने नोडल अधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया।
विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सम्भल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में आयोजित बैठक में नागरिकों की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया। जबकि अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लोक अदालत का मुख्य उध्द्देश्य लोगों की समस्याओं का सरलीकृत, सुलभ और त्वरित निपटारा सुनिश्चत करना है। बैठक में नागरिकों की शिकायतों, राजस्व सम्बन्धी मामलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पैशन, श्रम विवाद, बैंक मामले तथा अन्य जनहित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ने सभी अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण को जनसुनवाई और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने, विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने, आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया।हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, ए.आर.टी.ओ. अमिताभ चदुर्वेदी, तहसीलदार चंदौसी रवि सोनकर, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह, तहसीलदार गुन्नौर, रविन्द्र विक्रम, पूर्ति निरक्षक आशीष गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष चंदौसी लता वार्ष्णेय, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, नगर पंचायत अध्यक्ष सर्वेश दिवाकर, नगर पंचायत सिरसी मो. नईम (प्रतिनिधि), नगरपा लिका अध्यक्ष बबराला हर्षवर्धन आदि उपस्थित रहे।



सम्भल-रा. विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर लोक अदालत की सफलता को बैठक लेते।

## एडीएम प्रशासन ने सुनीं शिकायतें, 38 में से निपटीं चार



**बिलारी।** तहसील सभागार में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में 38 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण हुआ। एडीएम (ई) संगीता गौतम ने शिकायतों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का स्थलीय गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराएं यह शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है। 20 राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें भूमि विवाद, नामांतरण और पैमाइश से संबंधित समस्याएं प्रमुख थीं। पुलिस विभाग से संबंधित 5 शिकायतें, आपूर्ति विभाग से 8 तथा विकास विभाग से 5 शिकायतें दर्ज की गईं। एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, बीडीओ, खंड शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मूढ़ापांडे में छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मूढापांडे थाना क्षेत्र स्थित साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सरकारी आवास में 15 वर्षीय छात्र यश कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। छात्र की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।जानकारी के अनुसार, यश कुमार कक्षा 9 का छात्र था और रामपुर में स्थित सेंट पॉल स्कूल में पढ़ाई करता था। उसके पिता कुलदीप कुमार भारती मुंढापांडे स्थित सीएचसी में फार्मासिस्ट के



पद पर कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि घटना के समय पिता ड्यूटी पर थे, जबकि मां किसी काम से बाजार गई हुई थीं। घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। इसी दौरान यश ने कमरे में पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजन घर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। अंदर जाकर देखा तो यश पंखे से लटका हुआ था। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। मोहल्ले में शोक का माहौल है और हर कोई इस घटना से स्तब्ध हैं।

## पेड़ों की छंटाई को लेकर आज कांठ की विद्युत सप्लाई 10 से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगी बंद

**कांठ (शाह टाइम्स)।** विद्युत लाइन के निकट खड़े पेड़ों की छंटाई को लेकर आज कांठ से जुड़ी सप्लाई सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक बंद रहेगी उक्त जानक. ारी उपखंड अधिकारी द्वारा प्रेस को दी गई। बताया गया कि रविवार को विद्युत उपकेंद्र कांठ की विद्युत लाइनों के आसपास खड़े पेड़ों की छँटाई की जानी है जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी इस कारण सभी 11हजार की विद्युत सप्लाई को बंद रखा जाएगा और उपकेंद्र से जुड़े सभी उपभोक्ता और किसानो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने इस असुविधा के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है।

### एक नजर

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक हुए गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र के डिगंरपुर में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।



घायलों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, घायल युवकों में सलमान पुत्र इस्लाम निवासी गोदरी मिलक, थाना असमोली, व असमोली थाना क्षेत्र के ही विशाल और अभय जनपद संभल, शामिल है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइकों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने एक युवक की स्थिति चिंताजनक बताई है।पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

## पेड़ लगाने की रोक के विरोध पर मारपीट, चार पर एफआईआर

कांठ (शाह टाइम्स) थाना छजलैट के गांव शेखूपुरा निवासी अनुज कुमार पुत्र रघुवीर सिंह का आरोप है कि 20 फरवरी की शाम को वह अपने खेत पर पॉपुलर के पेड़ लगा रहा था तभी गांव के राजवीर अमित कुमार राजपाल और रितिक आए और पेड़ लगाने को मना करते हुए गाली गलौज करने लगे इसका विरोध किया तो उन्होंने अनुज की पत्नी संगीता भाई देवेंद्र और अनुज के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आसपास खेत पर काम कर रहे लोगों ने उन्हें बचाया देवेंद्र के काफी चोट आई जाते-जाते हमलावर जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ित थाने पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सस्ते खजूरों को महंगे खजूर के डिब्बो में किया जा रहा पैक, सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के लाइनपार स्थित मंडी समिति में कथित तौर पर खजूर की बड़े पैमाने पर रिपैकिंग कर मुनाफाखोरी किए जाने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कुछ लोग सस्ती खजूर को महंगे खजूर के डिब्बों में पैक करते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि लगभग 30 रुपये किलो में खरीदी गई साधारण खजूर को आकर्षक पैकिंग में बंद कर 200 रुपये किलो तक बेचा जा रहा है।बताया जा रहा है कि कम कीमत वाली "मरियम" किस्म की खजूर को अपने द्वारा तैयार किए गए डिब्बों में पैक कर विदेशी और महंगी खजूर के रूप में बाजार में उतारा जा रहा है। रमजान के दौरान खजूर की मांग बढ़ने का फायदा उठाकर मुनाफाखोर कथित रूप से भारी कमाई कर रहे हैं। वीडियो में बड़ी मात्रा में खजूर की पैकिंग होती नजर आ रही है, जिससे यह कारोबार संगठित स्तर पर चलने



की आशंका जताई जा रही है।सूत्रों के अनुसार, तैयार माल को ट्रकों में भरकर आसपास के जनपदों में भी भेजा जा रहा है। कुछ बड़े फल कारोबारियों पर रोजेदारों की आस्था और सरकारी राजस्व दोनों को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। चिंताजनक बात यह भी सामने आई है कि पैकिंग कार्य में नाबालिग बच्चों से भी काम कराया जा रहा है, जिससे बाल श्रम कानूनों के उल्लंघन की आशंका है।हालांकि, संबंधित विभागीय अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक कार्रवाई या बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नेपाल में आयोजित एवरेस्ट इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चौथी माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप का भव्य आयोजन काठमांडू नेपाल में 17 फरवरी से 20 फरवरी तक किया गया।वर्ल्ड ताइक्वांडो के जी-1 स्तर की इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 23 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चार दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, फिटनेस और मानसिक मजबूती का शानदार प्रदर्शन किया।पीतलनगरी मुरादाबाद के प्रतिभाशाली खिलाड़ी काजी अयान अली ने कैडेट अंडर-14 वर्ग के 41 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में आक्रामक और संतुलित खेल दिखाते हुए एक-एक मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को स्पष्ट अंकों के अंतर से पराजित कर भारत को स्वर्ण




पदक दिलाया। वह मुरादाबाद के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस वर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया है।इसी प्रतियोगिता में अंडर-18 जूनियर बॉयज 68 किलोग्राम वर्ग में सैयद मीर हाशमी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज की और फाइनल तक का सफर तय किया।दोनों खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय कोच वासित हमजा खान को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में खान ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हेड कोच तकी इमाम ने भी खिलाड़ियों और कोच को बधाई दी। टीम 22 फरवरी को भारत लौटेगी। इस उपलब्धि से मुरादाबाद में गर्व और उत्साह का माहौल है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 21.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 08.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 08.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से शकील के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 65 मी0 | 274578.23 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | जबर सिंह प्रधान के घर से चिरंजी लाल के कोने तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 82 मी0 | 266809.25 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | संजीव के घर से बलवीर के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 58 मी0 | 173983.85 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## टीएमयू इंटरकॉलिजिएट के बास्केटबॉल, खो-खो, क्रिकेट, कबड्डी में फिजिकल कॉलेज की बादशाहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप- 2026 के तहत पुरुष वर्ग में बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो और क्रिकेट के फाइनल मुकाबलों में टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के खिलाड़ियों ने अपनी बादशाहत बरकरार रखी। बास्केटबॉल में मैनेजमेंट कॉलेज, कबड्डी, खो-खो और क्रिकेट में सीसीएसआईटी कॉलेज की टीमों को मात देकर फिजिकल एजुकेशन की टीमें विजेता रहीं। पुरुष वर्ग के फिजिकल एजुकेशन बनाम मैनेजमेंट के बास्केटबॉल के फाइनल में फिजिकल एजुकेशन ने 29 प्वाइंट लेकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फिजिकल एजुकेशन आदित्य कुमार गुप्ता ने बेहत. रीन प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने 20 अंक से मैच जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बॉयज खो- खो के फाइनल में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने 8 चेज से गोल्ड अपने नाम किया। क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुक. ेशन सीसीएसआईटी कॉलेज को 5 विकेट से मात देकर क्रिकेट की चौंपियन





बनीं। बेंच प्रेस ब्वायज के फाइनल मुक. ाबले में 142 किग्रा के संग फार्मेसी कॉलेज के रजत कुमार सिंह पहले, 140 किग्रा के संग सीसीएसआईटी के ध्रुव सिंह दूसरे 120 किग्रा के संग एफओई के आदित्य दिवाकर तीसरे स्थान पर रहे। अंत में आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. निशीथ कुमार मिश्रा, एग्रीकल्चर के डीन प्रो. पीके जैन, फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा आदि ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी और मेडल देकर सम्मानित किया। बास्केटबॉल में फिजिकल एजुकेशन ने पहला क्वार्टर 15-5, दूसरा क्वार्टर 27-7, तीसरा क्वार्टर 42-15 और चौथा क्वार्टर 44-15 से अपने नाम किया। कबड्डी में सीसीएसइटी ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। फिजिकल एजुकेशन ने फर्स्ट हाफ में 28-7, सेकेंडे हाफ में 51-31 से जीतकर अंततः 20 अंक से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खो-खो में फिजिकल एजुकेशन ने टास जीतकर पहले चेज किया। प्रथम पारी में फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी ने 5-5 चेज करके बराबर रहे।

दूसरी पारी में भी दोनों टीमों ने 9-9 चेज करते हुए मैच बराबरी पर कर दिया। तीसरी पारी में फिजिकल कॉलेज ने 12 चेज किए, सीसीएसइटी 4 चेस ही कर पाई। लीड अधिक होने की वजह से सीसीएसआईटी ने दोबारा चेस किया और 2 चेस ही कर सकी। मैच के बेस्ट चेजर फिजिकल एजुकेशन की तरफ से अमन कुमार और बेस्ट रनर संदीप सिंह रहे। क्रिकेट मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीएसआईटी की टीम 17.4 ओवर में 109 रन पर ही ऑल आउट हो गई। फिजिकल एजुकेशन की ओर से गेंदबाज सैफ ने 3 विकेट लिए।

कृष्णा और अभिषेक सांगवान ने 2-2 विकेट झटके, जबकि प्रत्युष द्विवेदी ने भी 1 विकेट हासिल किया। 110 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिजिकल एजुकेशन की टीम ने 16.5 ओवर में 5 विकेट खोकर 112 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से सुजल ने नाबाद 37 रन की पारी खेली। ंपियनशिप के दौरान अगम प्रताप सिंह, चंदशेखर, तोहिद अख्तर, श्री कुशाग्र दीक्षित आदि की भी मौजूदगी रही।

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवीपुरा
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 21.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत देवीपुरा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवीपुरा में होली के मैदान से सैफन तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 840292.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत देवीपुरा, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## तहसील परिसर में प्राचीन शिव मंदिर का हुआ जीरणोद्धार मंत्रोच्चारण के साथ शिव परिवार स्थापित, आरती के उपरांत हुआ भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीणोद्धार उपरांत शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत शिव परिवार की स्थापना की गई।

आचार्य केशव जोशी पंडित उद्धवराज पंत, पंडित हरीश जोशी ने शिव परिवार को पहले जलाधिवास,अन्नाधिवास, नैवेद्याधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास कराया इसके उपरांत विशेष स्नान कराकर वस्त्र धारण कराए। सिंहासन पर आरुढ़ कर नगर भ्रमण बैंड बाजे और जयकारों के साथ कराया गया इसके उपरांत मंत्रोच्चारण के बीच शिव परिवार को मंदिर में प्रतिष्ठित कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में शिव परिवार के दर्शन कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रसाद वितरण किया।

इस अवसर पर पंडित केशव जोशी ने कहा कि शिवजी सच्चे मन से अल्प सेवा से ही प्रसन्न हो जाते हैं। मुख्य यजमान के रूप में मुकेश कुमार सपत्नी, पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, मंगल सेन सैनी, एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहस. ीलदार अंकित गिरि, नायब तहस. ीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी कुंदरकी राजेंद्र सिंह कटियार, बार अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह, भगवान शरण माथुर अजय पाल सिंह प्रमोद शर्मा, सुनील कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, पारस शर्मा, पउप्र युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ध्रुव शर्मा, सभासद प्रवेश प्रजापति, दानव. ीर शर्मा, देवेश शर्मा आदि शामिल रहे। अनुष्ठान के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ।

## मानदेय बढ़ने से शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में खुशी की लहर



**कांठ (शाह टाइम्स)** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट प्राथमिक संवर्ग मुरादाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया गया। बताया गया कि लंबे समय से समय समय पर संगठन द्वारा मानदेय वृद्धि के मुद्दे को ज्ञापन में शामिल कर इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। सरकार के फैसले से आज सभी शिक्षामित्र और अनुदेशकों में खुशी की लहर है।मानदेय वृद्धि होने से परिवार की जरूरत पूरी करने में सहूलियत होगी।इससे शिक्षामित्रों का मनोबल बढ़ेगा और बेहतर आर्थिक स्थिति से शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय राहत देने वाला है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत उदमावाला
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 21.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत उदमावाला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तसददुक के घर से शकील के घर तक व मुनाजिर, नन्हे के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 105 मी0 | 360334.00 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | सायदा के घर से यूसुफ के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 77 मी0 | 381110.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत उदमावाला, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश, महोदय मुरादाबाद।**

सिविल विविध वाद सं. 338/2025

**तारीख पेशी: 27.02.2026**

गोविन्दी बलोदी पत्नी स्व० दिगम्बर दत्त बलोदी निवासी खुशहालपुर तिरूपति अस्पताल के पास, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. बसन्ती देवी पत्नी नारायण दत्त बलोदी निवासी खुशहालपुर तिरूपति अस्पताल के पास, तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा डी०जी०सी० सिविल, मुरादाबाद।

3. **जनता आम**

चूंकि उपर्रिनामांकित आवेदिका गोविन्दी बलोद ने इस न्यायालय में यह आवेदन अपने नाबालिग पुत्र नीलांश बलोदी पुत्र दिगाम्बर दत्त बलोदी के सम्पूर्ण देखभाल, शिक्षा एवं अन्य हितों आदि के लिये वादपत्र मे वर्णित एक किता प्लाट नं0-8/ सी/ 492 रकबई 94. 80 वर्ग मीटर स्थित सेक्टर-8 आवासीय योजना नया मुरादाबाद तहसील व जिला मुरादाबाद में से नीलांश बलोदी के 1/3 भाग 31. 6 वर्ग मीटर उ०प० विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु गार्जियन एन्ड वार्डस एक्ट की धारा-08 के अंतर्गत आवेदन किया है। अत: जनता आम उपरोक्त विविध वाद प्रार्थना पत्र में जवाबदेही प्रस्तुत करने के लिये **दिनांक 27.02.2026** को प्रात: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 2026 के 2 माह 21 दिवस को निकाली गई।

न्यायालय के आदेशानुसार-

**वरिष्ठ सहायक (सिविल)**
**जिला न्यायाधीश**
**न्यायालय-मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत महेशपुर खेम
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 21.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत महेशपुर खेम विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नियाजी के घर से घासीराम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 120 मी0 | 559892.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत महेशपुर खेम, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर फतेउल्लापुर
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 21.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत वीरपुर फतेउल्लापुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.03. 2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोमपाल के घर से विनोद के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 80 मी0 | 700593.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत वीरपुर फतेउल्लापुर, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# जर्जर मकान की छत गिरी घर में सो रहे 7 लोग घायल

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव करेला में शुक्रवार को देर रात करीब दो बजे गाटर-पटियों से बनी एक मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे गृहस्वामी सहित सात लोग घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य और रिश्तेदार गहरी नींद में सो रहे थे। पड़ोस में शादी का कार्यक्रम चल रहा था और सुबह बारात जानी थी, लेकिन इस हादसे से खुशियों का माहौल गम में बदल गया। गृहस्वामी के अनुसार देर रात तक मंदिर पर दावत का कार्यक्रम चल रहा था। रिश्तेदार भी शादी में शामिल होने के लिए आए हुए थे। थाना फेजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम डरेला से रामवती पत्नी रामेश्वर भी शादी समारोह में शामिल होने आई थीं और पड़ोस में आकर सो गई थीं। बताया गया कि घर में सावित्री पत्नी देवीदास, आकाश पुत्र देवीदास, टिंकू पुत्र देवीदास, मुन्नालाल पुत्र देवीदास, अंजू पुत्री किशनलाल समेत अन्य लोग छत के नीचे सो रहे थे। अचानक छत गिरने से सभी गाटर-पटियों के नीचे दब गए। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। सभी को तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया। घायलों में डरेला निवासी महिला रामवती की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें अधिक चोटें आई हैं। ग्रामीणों के अनुसार मकान काफी जर्जर अवस्था में था। मौर्य परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और छत को सहारा देने के लिए बल्लियां भी लगाई गई थीं। आशंका जताई जा रही है कि संभवत: रात में बंदरों के कूदने से छत गिर गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हादसा कुछ और गंभीर होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

## सरकारी अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, सीएमओ से शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मरीज के परिजनों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला ताली वार्ड नंबर 8 निवासी ताजुद्दीन पुत्र जिला उद्दीन शिकायत में कहां कीकि 19 फरवरी 2026 को वह अपनी बहन की तबीयत खराब होने पर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। लेकिन वहां पर डॉक्टर मौजूद नही थे । अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों से जब डॉक्टर को बुलाकर मैरिज को देखने की बात कही तो ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि डॉक्टर अपने आवास पर सो रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे सीएमओ डॉक्टर कुलदीप चौधरी को शिकायती पत्र देकर चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। ताकि भविष्य में अन्य मरीजों को इस प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# भगवान परशुराम जयंती पर उठाई सार्वजनिक अवकाश की मांग

**कांठ( शाह टाइम्स )** विधान सभा की कार्यवाही के दौरान विधायक कांठ कमाल अख्तर ने भगवान परशुराम जयंती के पर्व पर प्रदेश में राजकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग उठाई, उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपरा के प्रतीक हैं। वे न्याय, साहस और धर्मरक्षा के आदर्श माने जाते हैं, प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं की भावनाएं इस पावन पर्व से जुड़ी हुई हैं, ऐसे में सरकार का दायित्व है कि वह जनभावनाओं का सम्मान करते हुए भगवान श्री परशुराम जयंती पर पुनः सार्वजनिक अवकाश घोषित करे, उन्होंने कहा कि पूर्व में समाजवादी पार्टी की सरकार में इस अवसर पर राजकीय अवकाश दिया जाता था, किन्तु वर्तमान भाजपा की सरकार द्वारा इसे समाप्त कर दिया गया है, जो उचित नहीं है, यदि अन्य महापुरुषों एवं विभिन्न धार्मिक अवसरों पर अवकाश दिया जा सकता है, तो भगवान परशुराम



जयंती जैसे महत्वपूर्ण दिवस को नजर अंदाज करना न्याय संगत नहीं है, कहा कि यह मुद्दा किसी एक वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक सम्मान का विषय है। प्रदेश की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए सभी समुदायों की आस्था का समान आदर होना चाहिए, उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि व्यापक जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि प्रदेश के श्रद्धालु सम्मानपूर्वक इस पावन पर्व को मना सकें।

# टीएमयू में प्रो. हरवंश दीक्षित बोले, मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला

### बहुभाषिक शिक्षा एनईपी की भावना को परिलक्षित करती है: प्रो. एसके सिंह, प्रतियोगिता में इशू शुक्ला रहे प्रथम, बोले- भाषा हमारी संस्कृति की आत्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने अपना भाषण विविध भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, बंगाली, भोजपुरी, ब्रज आदि में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। लॉ के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित अपने संक्षिप्त संबोधन में बोले, मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला है, जबकि प्राचार्य प्रो. एसके सिंह ने कहा, बहुभाषिक शिक्षा एनईपी की भावना को परिलक्षित करती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे इशू शुक्ला ने बंगाली भाषा में कहा कि भाषा सिर्फ बोलने का माध्यम नहीं, हमारी पहचान और संस्कृति की आत्मा




है। मातृभाषा का सम्मान करना अपने अस्तित्व को सम्मान देने के समान है। द्वितीय स्थान पर रहीं पायल मैत्री ने बंगाली भाषा में कहा कि मातृभाषा मेरे हृदय की पहली धुन है, इसी में मेरी आत्मा का नूर छुपा है। तृतीय स्थान पर रहे कुनाल बौद्ध ने कहा, भाषा मनुष्य की अंतरात्मा का दर्पण है; उसके शब्दों में उसके विचारों की गरिमा, भावनाओं की कोमलता और संस्कारों की गहराई झलकती है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अमित वर्मा, और डॉ. कृष्णा मोहन मालवीय ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नम्रता जैन ने किया।

## तेदुंए को पकड़ने के लिए दूल्हापुर में वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर क्षेत्र के गांव दूल्हापुर में बढ़ते तेदुंए को देखते हुए वन विभाग तेदुंए को पकड़ने के लिए ग्रामीणों की मांग पर पिंजरा लगा दिया है। बतादें कि सुरजननगर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव दूल्हापुर में लगातार तेदुंए देखे जाने पर ग्रामीणों में दहशत है। किसानों ने तेंदुए के दस्तक के बाद अपने खेतो पर जाना बंद कर रखा है। किसान समूह बनाकर खेतो पर जाने के लिए मजबूर है। किसानों की मांग पर तेदुंए पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगा दिया है। वन विभाग का कहना है कि गांव के आस पास लगातार तेदुंए देखे जाने की सूचना मिल रही थी। ग्रामीणों और किसानों की मांग पर तेदुंए के पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है।

# ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन और न्याय रथ को हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने जिला न्यायालय परिसर में ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन किया और आगामी 22 फरवरी 2026 को पंचायत भवन, मुरादाबाद में आयोजित किये जाने वाले मेगा विधिक शिविर के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराये गये न्याय रथ को हरी झंडी दिखाई। ई-सेवा केंद्र के माध्यम से न्याय अधिक सुलभ हो जाएगा, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जिनमें डिजिटल साक्षरता या प्रौद्योगिकी तक पहुंच की कमी है। यह सुविधा न्यायालय से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं जैसे कि मामले की जानकारी, ई-फाइलिंग, डिजिटल दस्तावेज, ऑनलाइन भुगतान, मोबाइल ऐप सहायता, ई-मुलाकात आदि के लिए एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। जनपद न्यायाधीश सै0 माऊज बिन आसिम ने बताया कि न्याय रथ विधिक जागरूकता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

इसके माध्यम से जनपद के दूरस्थ स्थानों पर निवासरत ग्रामीण लोगों को भी आगामी मेगा लीगल कैम्प, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल संरक्षण, वरिष्ठ नागरिक अधिकार तथा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाई जाएगी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद की सचिव श्रीमती तपस्या त्रिपाठी ने कहा कि न्याय चला निर्धन के द्वारा की टेग लाईन के साथ न्याय रथ अब दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, कमजोर एवं वंचित वर्गों, श्रमिकों, महिलाओं तथा जरूरतमन्द व्यक्तियों तक विधिक सेवाओं का सन्देश और अधिक प्रभावी रूप से पहुँचेगा।

## सपा कार्यालय पर बीएलओ गुलनाज के परिवार को सौंपी गई सहायता राशि

**मुरादाबाद।** महानगर में समाजवादी पार्टी ने एसआईआर कार्य के दौरान दिवंगत हुई बीएलओ गुलनाज तबस्सुम के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा पार्टी फंड से भेजे गए दो लाख रुपये के चेक को सपा जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परिजनों को सौंपा।गौरतलब है कि 2 फरवरी को एसआईआर कार्य में ड्यूटी के दौरान बीएलओ गुलनाज तबस्सुम का निधन हो गया था। वह मुरादाबाद के बूथ संख्या 78, कंपोजिट विद्यालय मुगल. पुरा में तैनात थीं। घटना के बाद से ही परिवार शोक और आर्थिक संकट से जूझ रहा है।जिला सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मृतका के पति, बेटे, बेटी और सास को सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पीड़ित और जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि पार्टी की ओर से एक छोटी सी मदद है, ताकि परिवार को इस कठिन समय में कुछ सहारा मिल सके।कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने प्रशासन से भी अपेक्षा की है कि मृतका के परिवार को शासन स्तर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।



## कार्यालय ग्राम पंचायत इमरतपुर उधौ वि० ख० कुंदरकी ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं. इमरतपुर उधौ ग्राम निधि एवं केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनांक: 21.02.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खंड कुंदरकी की ग्राम पंचायत इमरतपुर उधौ में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 ( यथा संसोधित 1994 ) के नियम संख्या 157 सहपठीत नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2020-21 के क्रम में ग्राम निधि एवं केंद्रीय वित्त, आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित है।

| क्र० सं० | कार्य का प्रकार | निविदा का प्रकार | अनुमानित धनराशि (सामग्री आपूर्ति) | जमानत राशि (2%) रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेकपाल के घर से चंदरसैन के घर तक नाली एवं साईड दीवार निर्माण कार्य। | सामग्री आपूर्ति | 360031 | 7201 | 500 | 2 माह |
| 2 | नेकपाल के घर में चंदरसैन के घर तक मिट्टी भराव एवं सीसी टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | सामग्री आपूर्ति | 633571 | 12671 | 500 | 2 माह |

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 22.02.2026 | प्रात: 10.00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 28.02.2026 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने जाने का दिनांक | 28.02.2026 | दोपहर 03.00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत इमरतपुर उधौ विकास खण्ड**
**कुंदरकी, जिला मुरादाबाद**


# टिमिट में रिसर्च मेथोडोलॉजी इन द एज ऑफ एआई पर पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** (टिमिट) में "रिसर्च मेथोडोलॉजी इन द एज ऑफ एआई" विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन 16 से 20 फरवरी 2026 तक किया गया। इस कार्यशाला में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। यह




कार्यशाला विशेष रूप से एमबीए विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें शोध की आधुनिक तकनीकों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में शोध पद्धति की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने रिसोर्स पर्सन के रूप में अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ राजकुमार सिंह (प्रोफेसर, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी) ने शोध के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। डॉ रचित जैन (हेड ऑफ डिपार्टमेंट, जीआरडी-आईएमटी, देहरादून) ने स्मार्ट लिटरेचर रिव्यू और आधुनिक शोध उपकरणों की जानकारी दी। मोहम्मद इमरान (असिस्टेंट प्रोफेसर, यूपीईएस यूनिवर्सिटी) ने शोध पद्धति एवं डेटा संकलन की बारीकियों को समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन डॉ विपिन जैन ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एआई के इस युग में शोध की गुणवत्ता, मौलिकता और नैतिकता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध कार्य में तकनीक का सकारात्मक एवं प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पाँच दिनों की इस कार्यशाला में क्रमशः शोध के आधारभूत तत्व, स्मार्ट लिटरेचर रिव्यू, रिसर्च मेथोडोलॉजी एवं डेटा कलेक्शन, सॉफ्टवेयर के माध्यम से डेटा एनालिसिस तथा रिसर्च पेपर लेखन एवं प्रकाशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। प्रतिदिन प्रात: 10:30 बजे से सत्र आयोजित हुए, जिनमें सभी एमबीए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के समन्वयक विभाग के प्रोफेसर रहे। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को शोध के क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण, तकनीकी दक्षता एवं प्रकाशन संबंधी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के अकादमिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।


**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) कोर्ट नम्बर-5 महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं0-** 29/2023
**तारीख पेशी:** 01.03.2026
**गिविश चन्द्र यादव बनाम आदर्श**
**बनाम**

1. श्रीमती कमला रानी पत्नी श्री ओमवीर सिंह हाल निवासी मकान नं. 1315 सेक्टर-2 आवास विकास बुद्धि विहार मझोली, मुरादाबाद, 2. आशीष कुमार पुत्र श्री ओमवीर सिंह हाल निवासी मकान नं. 1315 सेक्टर-2 आवास विकास बुद्धि विहार मझोली मुरादाबाद, 2. श्रीमती कमला रानी पत्नी श्री ओमवीर सिंह हाल निवासी मकान नं. 1315 सेक्टर-2 आवास विकास बुद्धि विहार मझोला, मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 03 के 01 दिवस को 10. 00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के 20 दिवस को निकाली गई।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० ) कोर्ट नं०-5 मुरादाबाद।**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**सूचना**

मेरे पास श्रीमती शकुन्तला देवी उम्र लगभग 80 वर्ष (आधार कार्ड के अनुसार 73 वर्ष) सन् 1983 से कार्य कर रही थी किन्तु अब 15 साल से वह कार्य करने में बिल्कुल अक्षम है। श्रीमती शकुन्तला देवी की कोई सन्तान नहीं है और न ही कोई रिश्तेदार हमारे सामने उनका हाल लेने आया है। उनकी देखभाल मेरे द्वारा ही की जा रही है और उन पर समस्त खर्चा मेरे ही द्वारा ही किया जा रहा है। श्रीमती शकुन्तला देवी की टॉग के फैक्चर का आप्रेशन सन् 2022 में मेरे ही द्वारा कराया गया एवं खर्च वहन किया गया। अब 15 दिन से वह चलने- फिरने में बिल्कुल असमर्थ हैं। मैंने उन्हें अपने हास्पिटल में ही एक कमरा दे रखा है और उनकी देखभाल के लिए एक महिला कमला देवी को नियुक्त कर रखा है। अगर इनका कोई शुभचिंतक/रिश्तेदार हो तो हमसे संपर्क कर लें। **डा0 प्रेम लता श्रीधर एमबीबीएस,( गोल्ड मेडलिस्ट ) पीटीसी क्रासिंग, राजेन्द्र नगर सिविल लाइन्स, मुरादाबाद।**



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लि0 मुरादाबाद पर निर्देश दिया जाता है कि ऋणी उसमान पुत्र जीमल व जमीन पुत्र असगर निवासीगण ग्राम बिचौला, थाना बहजोई, तहसील चन्दौसी, जिला संभल, उ0प्र0 ने एक सम्पत्ति जिसका रकवा 59.66 वर्गमीटर व गाटा सं0 180 है जिसकी दिनांक 11.02.2026 वही सं0 1 जिल्द सं0 14301 के पृष्ठ 179 से 192 तक क्रमांक 3229 है। उस पर ऋण लेकर बंधक रखा है तथा ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति का दान पात्र असगर पुत्र अल्लादीन ने अपने बेटे जमील पुत्र असगर के पक्ष में किया है, जिस फर्द में निम्न नाम दर्ज हैं - 1. अख्तर अली पुत्र अल्लादीन, 2. अख्तर अली पुत्र अल्लादीन, 3. अनवार हुसैन पुत्र महमूद, 4. अनवार हुसैन पुत्र महमूद, 5. अफसर पुत्र गफूर, 6. अली मौहम्मद पुत्र स्व फय्याज, 7. असगर पुत्र अल्लादीन, 8. आराम. सिंह पुत्र मानसिंह, 9. आसीन पुत्र गफूर, 8. इकबालउद्दीन पुत्र रज्जाक, 11. इदरीश पुत्र महमूद, 12. इदरीश पुत्र महमूद, 13. इस्लामउद्दीन पुत्र रज्जाक, 14. कमरुद्दीन पुत्र रज्जाक, 15. करीम वक्श पुत्र रहीम वक्श, 16. कीरत सिंह पुत्र मानसिंह, 17. जलालूद्दीन पुत्र रज्जाक, 18. दिलवरी पुत्र महमूद, 19, मुस्ताक पुत्र अल्लादीन, 20. मुस्ताक अहमद पुत्र अल्लादीन, 21. मौ0 मुख्त्यार अहमद पुत्र अल्लादीन, 22. मौ0 मुख्त्यार अहमद पुत्र अल्लादीन, 23. रतनसिंह पुत्र मानसिंह, 24. रफेदीन पुत्र स्व0 फय्याज, 25. रहीस पुत्र स्व0 फय्याज, 26. वली मौहम्मद पुत्र स्व0 फय्याज, 27. शकीना पत्नी स्व0 रज्जाक, 28. शमीम पुत्र गफूर, 29. अल्लारखी पत्नी स्व0 फय्याज, 30. श्रीमती कमलेश वती पत्नी हरवीर सिंह, 31. दिलवरी पत्नी महमूद, 32. पिंकी कुमारी पत्नी मुनीश कुमार, 33. प्रेमवती पत्नी मानसिंह, 34. मोहरवती पत्नी भगतसिंह, 35. सलीम पुत्र महमूद, 36. सलीम महमूद, 37. सहीद पुत्र स्व0 फय्याज। अगर किसी को उक्त विक्रय पत्र से आपत्ति हो तो पूर्ण जिम्मेदारी उसमान पुत्र जमील व जमील पुत्र असगर की होगी।

**-कपिल गुप्ता, विधि परामर्शदाता, आधार हाउिसंग फाइनेंस लि०, मुदादाबाद।**


## कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय का एनएसएस सप्तदिवसीय शिविर शुरू

**चन्दौसी।** कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय, नरौली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सप्तदिवसीय विशेष शिविर शनिवार को मंदिर झंडे वाले परिसर में विधिवत रूप से शुरू हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए शि. विर क्षेत्र की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर सभासद रिंकी देवी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्स्ना शर्मा एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी धनसिंह ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा शिविर के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ शिविर में सहभागिता करने का आह्वान किया।

## एक नजर

### विधानसभा के सभी बूथों पर आज उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**कांठ( शाह टाइम्स )** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर 22 फरवरी रविवार को विशेष अभियान के क्रम में कांठ विधानसभा के सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। सुबह साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। इस दौरान नया वोट बनवाने के लिए प्रारूप-6. प्रारूप-7 में नामावली में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि पर आपेक्ष तथा प्रारूप-8 में किसी भी नाम में संशोधन इत्यादि का काम होगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संगीता गौतम के मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 चल रहा है। 22 फरवरी रविवार को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समस्त बूथों पर संबंधित बीएलओ उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास आलेख्य मतदाता सूची एवं मतदाता पंजीकरण से संबंधित फार्म-6.7, व 8 तथा घोषणा पत्र भी प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। ऐसे में नागरिक 22 फरवरी को अपने अपने निकटतम बूथ पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रारूप 6 (घोषणा प्रपत्र सहित) तथा किसी भी प्रविष्टि पर आक्षेप हेतु प्रारूप 7 तथा निर्वाचक नामावली में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि के संशोधन आदि हेतु प्रारूप-8 (घोषणा पत्र सहित) प्रस्तुत कर सकते हैं।उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक विशेष अभियान के दिन यदि किसी भी बूथ पर बीएलओ उपस्थित नहीं मिलते हैं। कोई असुविधा होती है तो टोल फ्री नंबर 0591-1950 अथवा 0591-2970080 शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### डायट प्रवक्ता डॉ. अनिल यादव ने दो विद्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण




**कांठ( शाह टाइम्स )** शासन के निर्देश पर आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) के प्रवक्ता डॉ अनिल यादव ने विकास खंड छजलैट के प्राथमिक विद्यालय महमूदपुरा एवं नया गांव का आकस्मिक निरीक्षण किया उन्होंने बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने तथा प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के निर्देश दिए स शनिवार को डॉक्टर अनिल यादव द्वारा बच्चों का सहयोगात्मक सुपरविजन किया गया। महमूदपुरा में 108 बच्चों का पंजीकरण था 81 बच्चे उपस्थित मिले स नयागांव में 107 बच्चों का पंजीकरण था जिसमें 80 बच्चे उपस्थित मिलेस श्री यादव ने उपस्थित रजिस्टर, एवं शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की स उन्होंने दोनों विद्यालयों में अति सुंदर व आकर्षित भौतिक परिवेश की अत्यधिक प्रशंसा की। विद्यालय के बच्चों का अनुशासन देखकर अत्यंत प्रभावित हुए। नया गांव में प्रधान अध्यापक अखिलेश कुमारी, जागृति चौहान का शिक्षण कार्य अच्छा रहा

### स्मृति व स्थापना उत्सव के तृतीय दिवस पर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा व सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करौरीआश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे बाबा नींव करौरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव के तृतीय दिवस पर धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया। प्रात:काल आह्वान किए गए नवग्रह एवं देवी-देवताओं का विधिवत पूजन संपन्न हुआ। काशी से पधारे आचार्य डॉ. श्री घनश्याम त्रिपाठी के निर्देशन में यज्ञ पूजन कराया गया।इस अवसर पर हनुमान जी, श्री राधा-कृष्ण एवं शनिदेव जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न की गई। पंचकुंडीय महायज्ञ में आश्रम के ट्रस्टियों व भक्तजनों ने सहभागिता करते हुए 41 हजार आहुतियां अर्पित कीं।संध्याकाल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। महानगर के प्रसिद्ध गायक पंडित राजकुमार गोस्वामी एवं उनकी मंडली ने सुंदरकांड के साथ श्रीराम और हनुमान जी के भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा एवं विनय चालीसा का पाठ किया गया।ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय स्थापना उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महामंत्री राकेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष विनीत गुप्ता ने भी आयोजन की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को मिली सहायता

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के करकमलों से कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी किसानों/परिवारो को क्षतिपूर्ति सहायता राशि व्दम ब्सपबा क्ठज.के माध्यम से दिनांक 21.02.2026 को वितरित किया गया। सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम समारोह का लाईव प्रसारण एनआईसी मुरादाबाद में देखा गया। इस अवसर पर ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), मुरादाबाद, सन्तोष कुमार द्विवेदी, उप कृषि निदेशक, डा0 राजेन्द्र पाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी, विश्वेन्द्र, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र बिलारी, श्री राम किशन, जिला गन्ना अधिकारी, हर्षित चौहान, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मुरादाबाद सदर, रमेश सिंह राणा, जिला उद्यान अधिकारी, रोबिन कुमार विश्नोई, जिला समन्वयक इफको टोकियो, प्रदीप कुमार सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधिगण, कृषि विभाग के कर्मचारी, लाभार्थी कृषकगण उपस्थित रहे। सन्तोष कुमार द्विवेदी, उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि खरीफ, 2025 में 468 कृषकों के बैंक खाते में रू0 1136544 का अन्तरण पूर्व में किया जा चुका है, तथा आज 784 कृषकों के बैंक खाते में रू0 1398905 की धनराशि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अन्तरित किया गया है, इस प्रकार से खरीफ, 2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल 1252 कृषकों के फसल क्षति होने पर बैंक खाते में रू0 2535449 का भुगतान हुआ है।

### आज आयोजित होगा विशेष अभियान दिवस

**मुरादाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से दावा एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु विशेष अभियान दिवस आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि रविवार दिनांक 22 फरवरी 2026 को जिले के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए समस्त अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रात: 10:30 बजे से अपरान्ह् 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि विशेष अभियान दिवस 22 फरवरी 2026 को अपने बूथ पर जाकर अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में अंकित नही है अथवा ऐसे सदस्य जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, उनका भी फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को दें अथवा म्ब्प्छम्ज मोबाइल एप्लीकेशन या अवजमते. मबप.हवअ.पद पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है।

### भाजपा युवा मोर्चा ने प्रकाश नगर चौराहे पर कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन, राहुल गांधी का किया पुतला दहन

**मुरादाबाद।** महानगर में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। मामला भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान कांग्रेस यूथ कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध से जुड़ा है, उनका अपमान देश का अपमान है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे कृत्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें और सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री से माफी मांगें।अभिषेक चौबे ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में विरोध कर देश की छवि धूमिल करना उचित नहीं है। संबंधित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# भारत को दक्षिण अफ्रीका से मिलेगी कड़ी चुनौती

## टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 स्टेज में आज अहमदाबाद में होगा रोमांचक मुकाबला

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर आठ स्टेज में रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सबसे रोमांचक मुकाबला होने वाला है। दोनों टीमें लीग स्टेज में हारी नहीं हैं, जिससे यह मुकाबला न सिर्फ पॉइंट्स के लिए बल्कि साइकोलॉजिकल फायदे के लिए भी जरूरी है।

भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड से कॉन्फिडेंस के साथ मैदान में उतरेगा, उसने इस जगह पर अब तक खेले गए सभी सात टी-20 जीते हैं। हालांकि, प्रोटियाज टीम वापसी के मिशन पर है, उसने यहां अपने पिछले तीन टी-20 जीते हैं, जिससे यह साबित होता है कि कोई भी लय अछूती नहीं है। कहानी अनोखी है। घरेलू दबदबा बनाम अहमदाबाद की लाइट्स में शानदार फॉर्म में चल रही टीम इसे चुनौती देना चाहती है। भारत की बैटिंग ताकत शानदार रही है। ईशान किशन ने 176 रन बनाकर शुरुआत से ही हावी होने की अपनी काबि. लियत दिखाई है। इस जगह के मास्टर सूर्यकुमार यादव ने छह मैचों में 162 रन बनाए हैं, जिससे अहमदाबाद जैसे सपाट ट्रैक पर स्थिरता और टाइमिग बहुत जरूरी है। शिवम दुबे ने फिनिशर की भूमिका निभाई है, उन्होंने 178 से अधिक की स्पीड से रन बनाए हैं, जो डेथ ओवरों में अच्छे स्कोर को मजबूत बनाने में सक्षम हैं। हालांकि, भारत की बल्लेबाजी लाइनअप के सामने चुनौतियां हैं। शीर्ष पर बाएं हाथ के बल्लेबाजों की भारी मौजूदगी दक्षिण अफ्रीका के विविध गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ कमजोरी हो सकती है, और अभिषेक शर्मा के रनों की कमी ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। अगर लाइनअप में मौका दिया जाए तो संजू सैमसन अहम भूमिका निभा सकते हैं, जो स्पिन-भारी मध्य ओवरों का सही जवाब दे सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, भारत एक संतुलित आक्रमण पर निर्भर है। वरुण चक्रवर्ती ने अब तक नौ विकेट लिए हैं, और अक्षर पटेल ने छह, जिससे स्पिन उनकी रणनीति का मुख्य आधार है। जसप्रीत बुम. राह और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबा. जी की जिम्मेदारी संभालते हैं, खासकर डेथ ओवरों में। इस मुक. ाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। अहमदाबाद में रात के मैचों से पता चला है कि चेज करने वाली टीमों को अक्सर थोड़ा फायदा होता है, और टॉस जीतने वाला कप्तान लाइट्स में हालात का फायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने का ऑप्शन चुन सकता है। दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी उतना ही शानदार रहा है, जिसमें कंसिस्टेंसी और डेप्थ की पहचान है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे से लीड करते हुए 178 रन बनाए हैं, जबकि रयान रिकेल्टन और डेवाल्ड ब्रेविस ने टॉप पर उनका साथ दिया है। मिडिल ऑर्डर, जिसमें डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स हैं, में एक्सपीरियंस और अग्रेसन का मेल है, खासकर स्पिन के खलिाफ, और जरूरत पड़ने पर इनिंग्स को तेज कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बॉलिंग यूनिट में कुछ चिंताएं हैं, कगिसो रबाडा ने स्ट्रगल किया है, उन्होंने सिर्फ दो विकेट लिए हैं, लेकिन लुंगी एनगिडी अपनी वैरिएशन से जबरदस्त रहे हैं, उन्होंने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं। मार्को यानसन ने भी जरूरी मौकों पर ब्रेकथ्रू दिलाए हैं। प्रोटियाज को इंडिया की मजबूत बैटिंग लाइनअप को चैलेंज करने के लिए हर बॉलर से एक साथ परफॉर्म करने की जरूरत होगी। अहमदाबाद की पिच हाई-स्कोरिग मैच का वादा करती है। फ्लैट और सही, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है, पार स्कोर 200-210 के आसपास रहने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजों को तेज गेंदों से कुछ मदद मिलेगी, और स्पिनर बीच के ओव. रों को कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। मौसम के हालात सही रहने की उम्मीद है, तापमान 27 सेल्सियस के आसपास, आसमान साफ, और हल्की हवाएं, जो पूरे टी-20 मैच के लिए एकदम सही हालात बनाती हैं।

# भारतीय बेटियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन

## पहली बार ऑस्ट्रेलिया में जीती टी-20 सीरीज



**एडिलेड, वार्ता।** स्मृति मंधाना (82) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (59) की आतिशी बल्लेबाजी के बाद श्री चरणी (तीन विकेट), श्रेयंका पाटिल और अरुंधति रेड्डी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शनिवार को तीसरे टी-20 मुक. ाबले में ऑस्ट्रेलिया को 17 रनों से हराकर 2-1 से टी-20 सीरीज जीती। स्मृति मंधाना को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया शुरुआत खराब रही और उसने मात्र 32 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। जॉर्जिया वॉल (10), बेथ मूनी (छह) और एलिस पेरी एक रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय एश्ले गार्डनर ने फीबी लिचफील्ड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 31 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में श्री चरणी ने फीबी लिचफील्ड 17 गेंदों में 24 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 13वें ओवर में जॉर्जिया वेयरहम (12) को अरुंधति रेड्डी ने आउट किया। 16वें ओवर में रेड्डी ने अर्द्धशतक बना चुकी एश्ले गार्डनर को अपना शिकार बनाकर भारत की जीत पक्की कर दी। एश्ले गार्डनर ने 45 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। ग्रेस हैरिस (एक रन) को श्री चरणी ने आउट किया। कप्तान सोफी मोलिन्यू (छह) भी श्री चरणी का शिकार बनी। 18वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने ऐनाबेल सदरलैंड (14) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका दिया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 159 रन ही बना सकी और 17 रनों मुकाबला हार गई। भारतीय टीम के लिए श्री चरणी ने तीन, श्रेयंका पाटिल और अरुंधति रेड्डी ने दो-दो विकेट लिए। रेणुका सिंह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को किम गार्थ ने तीसरे ओवर में शेफाली वर्मा (सात) को आउट कर पहला झटका दिया। ऐसे समय में बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 121 रनों की साझेदारी हुई।

# श्रीलंका महिला टीम ने विंडीज को हराया

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** हसिनी परेरा (61), हर्षिता समरविक्रमा (66) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद इनोका राणावीरा (चार विकेट) और कविशा दिलहारी (तीन विकेट) के बेहत. रीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 10 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने 49-4 ओवर में 230 रन पर समेट कर 10 रनों से मुकाबला अपने नाम किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 80 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिए। कियाना जोसेफ(13), कप्तान हेली मैथ्यूज (13), शेमाइन कैम्पबेले (12), चिनेल हेनरी (एक) और डिएंड्रा डॉटिन 14 रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय स्टेफनी टेलर और जैनिलेया ग्लासगो की जोड़ी ने पारी को संभाला और रन भी बटोरे। 40वें ओवर में स्टेफनी टेलर के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। स्टेफनी टेलर ने 85 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 66 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में इनोका राणावीरा ने जैनिलेया ग्लासगो को आउटकर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद शॉनिशा हेक्टर (13), एफी फ्लेचर 12 रन बनाकर आउट हुई। 50वें ओवर की चौथी गेंद पर कविशा दिलहारी ने करिश्मा रामहरक (शून्य) को आउट कर मैच श्रीलंका की झोली में डाल दिया। श्रीलंका के लिए इनोका राणाव. ीरा ने चार विकेट और कविशा दिलहारी ने तीन विकेट लिए। माल्की मदारा, देवमी विहंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 240 का स्कोर बनाया। हसिनी परेरा और कप्तान चामरी अटापट्टू की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। 12वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने चामरी अटापट्टू (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई हर्षिता समरविक्रमा ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में आलिया एलेन ने अर्द्धशतक बना चुकी हसिनी परेरा को आउट कर पवेलियन भेज दिया। हसिनी परेरा ने 86 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 61 रनों की पारी खेली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### गॉफ को तीन सेटों में हराकर स्वितोलिना एलिना फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** एलिना स्वितोलिना ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला सिगल्स फाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट के कड़े सेमीफाइनल में कोको गॉफ को हराया। स्वितोलिना ने तीन घंटे और तीन मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-7 (13), 6-4 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी की कड़ी चुनौती को पार किया और इस दौरान कई मैच पॉइंट गंवाए।

### रुब्लेव को हराकर कोलोंस फाइनल में

**दोहा, वार्ता।** दुनिया के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल में पिछले चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव को सीधे सेटों में हराकर कतर ओपन 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने दोहा में लाइट्स में खेले गए एक करीबी मुकाबले में 7-6(3), 6-4 से जीत हासिल की और अपना छठा मैच पॉइंट बनाकर खिताबी मुक. ाबले में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, अल्काराज ने 2026 में अपने बिना हारे रहने का सिलसिला 11 मैचों तक बढ़ा दिया और दोहा एटीपी 500 इवेंट के अपने पहले फाइनल में पहुंचे।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

Tender Notice-12- Ansaldo, SNT-Sig-Datalogger, Earthing- Improvment — Date.20.02.2026

विषयः- मुरादाबाद मंडल के संकेत एवंम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के सम्बन्ध में।

सान्दर्भः-(1) इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या 12- Ansaldo, SNT-Sig-Datalogger, Earthing- Improvment dated 12.02.2026

उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस० एंड टी० शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने की तिथि व लागत में बदलाव किया गया है:-

| सं0. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | पुरानी निविदा की लगभग। लागत रूपये। | नयी निविदा की लगभग। लागत रूपये। | पुरानी निविदा की अग्रिम धन रूपये। | नयी निविदा की अग्रिम धन रूपये। | निविदा खोलने के लिए पुरानी तिथि और समय। | निविदा खोलने के लिए नयी तिथि और समय। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | SNT-Earthing- Improvement एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ इम्प्रोव्मेंट ऑफ अर्थिंग अरेंजमेंट ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 58528800.30 | 57983080.30 | 442700.00 | 439900.00 | 12/03/2026 15:00 hrs | 16/03/2026 15.00 hrs. |

निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
नोटः निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
598/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट प्रणाली** के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद में 60 बिस्तरों वाले नए पुरुष बैरक का निर्माण, जिसमें अधीनस्थ अधिकारियों के लिए शौचालय, मेस, स्टोर, जिम, भोजन कक्ष और मनोरंजन कक्ष सहित 2 कमरे हों, मुरादाबाद-काशीपुर सेक्शन पर किलोमीटर 1394/317 (मुख्य लाइन) से 7/480 (काशीपुर लाइन) तक आरसीसी की चारदीवारी का निर्माण कार्य, मुरादाबाद-चंदौसी सेक्शन पर विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण को रोकने के लिए दोहरी चारदीवारी का निर्माण कार्य, जंग बहादुर गंज स्टेशन पर माल गोदाम के बुनियादी ढांचे के अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण सहित एक पूर्ण रेक माल ढुलाई लाइन का निर्माण, रोजा स्टेशन पर माल गोदाम और माल लाइन संख्या 5 और 6 के प्रस्तावित विस्तार का कार्य या किसी अन्य स्थान/स्टेशन पर कोई अन्य कार्य करने के संबंध में। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 3584.97 लाख |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रू. 19,42,500.00 |
| 5 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 21.02.2026 से दिनांक 16.03.2026 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई है। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6 | अन्तिम तिथि/ई-निविदा अपलोड करने की तिथि | 16.03.2026 को 15:00 बजे तक। ई-निविदा दिनांक 02.03.2026 से 16.03.2026 को 15:00 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | टेकनिकल कम कमर्शियल बिड दिनांक 16.03.2026 को 15:00 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी। |

निविदा सूचना सं.-1डब्लू-टेण्डर-295/उप मु.अभि. नि. मुरादाबाद — दिनांक 21.02.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 599/2026

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04530/04529 सरहिंद - मधुबनी - सरहिंद आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04530 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04529 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 13:00 | सरहिंद | 05:15 | -- |
| 01:45 | 01:55 | लखनऊ जं. | 17:00 | 17:10 |
| 19:00 | -- | मधुबनी | -- | 23:00 |

चलने के दिन: 04530 सरहिंद से दिनांक 25.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को और 04529 मधुबनी से दिनांक 26.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: राजपुरा, अम्बाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम, मनकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाज़ीपुर, मुज़फ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा जं. एवं सकरी जं. स्टेशन।

**04610/04609 अमृतसर जं. - मानसी जं. - अमृतसर जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04610 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04609 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 20:10 | अमृतसर जं. | 13:15 | -- |
| 02:30 | -- | मानसी जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: 04610 अमृतसर जं. से दिनांक 24.02.2026, 28.02.2026 एवं 04.03.2026 को और 04609 मानसी जं. से दिनांक 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंढारी कलाँ, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. स्टेशन।

**04302/04301 हरिद्वार - मुज़फ्फ़रपुर जं. - हरिद्वार आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04302 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04301 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11:45 | हरिद्वार | 15:30 | -- |
| 12:30 | -- | मुज़फ्फ़रपुर जं. | -- | 14:45 |

चलने के दिन: 04302 हरिद्वार से दिनांक 25.02.2026, 28.02.2026 एवं 03.03.2026 को और 04301 मुज़फ्फ़रपुर जं. से दिनांक 26.02.2026, 01.03.2026 एवं 04.03.2026 को।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: लक्सर जं., नजीबाबाद जं., धामपुर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी एवं चकिया स्टेशन।

**04014/04013 आनंद विहार (ट) - लौकहा बाजार - आनंद विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04013 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:40 | आनंद विहार (ट) | 03:40 | -- |
| 20:15 | -- | लौकहा बाजार | -- | 21:30 |

चलने के दिन: 04014 आनंद विहार (ट) से दिनांक 22.02.2026 से 06.03.2026 और 04013 लौकहा बाजार से दिनांक 23.02.2026 से 07.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनियां, सीतामढ़ी, शिशो, सकरी जं. एवं झंझारपुर स्टेशन।

**04209/04210 वाराणसी - दिल्ली जं. - वाराणसी आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04210 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 22:30 | वाराणसी | 09:40 | -- |
| 13:30 | -- | दिल्ली जं. | -- | 19:25 |

चलने के दिन: 04209 वाराणसी से दिनांक 22.02.2026 से 06.03.2026 और 04210 दिल्ली जं. से दिनांक 23.02.2026 से 07.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ जं., मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

**04066/04065 आनंद विहार (ट) - खोरधा रोड जं. - आनंद विहार (ट) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 11 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:30 | आनंद विहार (ट) | 08:15 | -- |
| 12:30 | -- | खोरधा रोड जं. | -- | 15:30 |

चलने के दिन: 04066 आनंद विहार (ट) से दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 और 04065 खोरधा रोड जं. से दिनांक 28.02.2026 से 05.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाज़ियाबाद, गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, चन्द्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं. बराभूम, चाण्डिल जं., टाटानगर जं., घाटशिला, हिजली, बालासोर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड़, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

**04052/04051 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04052 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04051 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | -- |
| 23:40 | -- | हावड़ा जं. | -- | 01:40 |

चलने के दिन: 04052 नई दिल्ली से दिनांक 25.02.2026 से 03.03.2026 और 04051 हावड़ा जं. से दिनांक 27.02.2026 से 05.03.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

**04002/04001 नई दिल्ली - दादर - नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04002 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04001 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 22:40 | नई दिल्ली | 21:05 | -- |
| 22:40 | -- | दादर | -- | 00:05 |

चलने के दिन: 04002 नई दिल्ली से दिनांक 25.02.2026 एवं 04.03.2026 को और 04001 दादर से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: कोसी कलां, मथुरा, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

**04616/04615 फिरोज़पुर कैंट जं. - दानापुर - फिरोज़पुर कैंट जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04616 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04615 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 12:00 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 23:55 | -- |
| 17:30 | -- | दानापुर | -- | 21:10 |

चलने के दिन: 04616 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 को और 04615 दानापुर से दिनांक 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मोगा, लुधियाना, अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश - कोलकाता - योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04312 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04311 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 22:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 22:25 | -- |
| 08:00 | -- | कोलकाता | -- | 13:55 |

चलने के दिन: 04312 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 26.02.2026 एवं 02.03.2026 को और 04311 कोलकाता से दिनांक 28.02.2026 एवं 04.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल जं. एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**04614/04613 अमृतसर - कटिहार - अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04614 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04613 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:15 | अमृतसर | 14:40 | -- |
| 01:00 | -- | कटिहार जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: 04614 अमृतसर से दिनांक 25.02.2026, 01.03.2026 एवं 05.03.2026 को और 04613 कटिहार जं. से दिनांक 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 07.03.2026 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., ढंढारी कलाँ, अम्बाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान, छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., खगड़िया जं., मानसी जं. एवं नवगछिया स्टेशन।

**04412/04411 तिलक ब्रिज - मुरादाबाद जं. - तिलक ब्रिज अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04412 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04411 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:00 | तिलक ब्रिज | 16:50 | -- |
| 13:00 | -- | मुरादाबाद जं. | -- | 13:30 |

चलने के दिन: 04412 तिलक ब्रिज और 04411 मुरादाबाद जं. से दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: आनंद विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाज़ियाबाद जं., पिलखुआ, हापुड़ जं., गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

**08629/08630 राँची - गोरखपुर जं. - राँची होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08629 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08630 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:55 | राँची | 20:45 | -- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 08:10 | 08:20 |
| 21:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 00:50 |

चलने के दिन: 08629 राँची से दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को और 08630 गोरखपुर जं. से दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., सलेमपुर जं., भटनी जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन।

**01431/01432 पुणे - गाजीपुर सिटी - पुणे (सप्ताह में दो दिन) स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01431 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01432 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:40 | पुणे | 16:20 | -- |
| 15:30 | 15:40 | वाराणसी जं. | 08:20 | 08:30 |
| 19:05 | -- | गाजीपुर सिटी | -- | 04:20 |

चलने के दिन: 01431 पुणे से दिनांक 24.02.2026, 27.02.2026, 03.03.2026 एवं 06.03.2026 (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार) को और 01432 गाजीपुर सिटी से दिनांक 26.02.2026, 01.03.2026, 05.03.2026 एवं 08.03.2026 (प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार) को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खण्डवा, ईटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।

**01491/01492 पुणे - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुणे (साप्ताहिक) स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01491 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01492 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 17:30 | पुणे | 23:55 | -- |
| 20:00 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 21:25 |

चलने के दिन: 01491 पुणे से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (प्रत्येक शुक्रवार) और 01492 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 28.02.2026 एवं 07.03.2026 (प्रत्येक शनिवार) को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: लोणावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा जं., गोधरा जं., रतलाम जं., शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी जं., भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 31 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01079 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01080 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 22:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00:40 | -- |
| 04:10 | 04:15 | लखनऊ जं. | 19:50 | 19:55 |
| 10:00 | -- | गोरखपुर | -- | 14:30 |

चलने के दिन: 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 08.03.2026 को और 01080 गोरखपुर से दिनांक 23.02.2026 से 10.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर, ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खण्डवा जं., ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**01415/01416 पुणे - गोरखपुर - पुणे स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 31 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01415 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01416 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:50 | पुणे | 03:15 | -- |
| 10:00 | 10:05 | लखनऊ जं. | 22:30 | 22:35 |
| 16:00 | -- | गोरखपुर | -- | 17:30 |

चलने के दिन: 01415 पुणे से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 और 01416 गोरखपुर से दिनांक 22.02.2026 से 09.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खण्डवा, ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना, विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**06569/06570 यशवंतपुर जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन - यशवंतपुर जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06569 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06570 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 22:40 | यशवंतपुर जं. | 21:40 | -- |
| 14:45 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 07:00 |

चलने के दिन: 06569 यशवंतपुर से दिनांक 25.02.2026 और 06570 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 01.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: येलहंका जं., धर्मावरम जं., अनंतपुर, डोन जं. कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काज़ीपेट जं. बल्हारशाह, नागपुर जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**05219/05220 मुज़फ्फ़रपुर जं. - आनंद विहार (ट) - मुज़फ्फ़रपुर जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05219 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05220 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 13:30 | मुज़फ्फ़रपुर जं. | 09:45 | -- |
| 10:00 | -- | आनंद विहार (ट) | -- | 12:00 |

चलने के दिन: 05219 मुज़फ्फ़रपुर जं. से दिनांक 06.03.2026 और 05220 आनंद विहार (ट) से दिनांक 07.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. ईकोनॉमी।
ठहराव: हाजीपुर जं., सोनपुर जं., पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**05559/05560 रक्सौल जं. - उधना जं. - रक्सौल जं. स्पेशल मेल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05559 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05560 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 05:30 | रक्सौल जं. | 00:15 | -- |
| 14:50 | 15:00 | लखनऊ जं. | 14:20 | 14:30 |
| 13:05 | -- | उधना जं. | -- | 15:35 |

चलने के दिन: 05559 रक्सौल जं. से दिनांक 28.02.2026 और 05560 उधना जं. से दिनांक 01.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सिकटा, नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ललितपुर, बीना जं., संत हिरदाराम नगर, सीहोर, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं. एवं भरुच जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें
**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायत दर्ज मौके पर तीन शिकायत का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के साठ फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें से मात्र तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शनिवार को लगे संपूर्ण समाधान दिवस में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता एडवोकेट ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति मे स्थानीय कोतवाली पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन पकड़े गए ट्रक डंपरों को मंडी समिति में खड़ा कर दिया जाता है जबकि वहां पर सरकार द्वारा किसानों का धान में गेहूं खरीदने के लिए केंद्र बने हैं। वहीं प्रतिदिन सब्जी ब फलो की मंडी भी लगती है। स्थित है कि हिंदी समिति में फल विक्रेताओं व सब्जी विक्रेताओं के साथ-साथ समय पर ध्यान धान में गेहूं की फसल लाने वाले किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है जबकि मंडी समिति के उत्तर में मंडी समिति की भूमि खाली पड़ी है लेकिन गहराई अधिक है। उमेश गुप्ता ने मांग की है कि मंडी समिति



की भूमि में भराव डाल कर उसे क्षेत्र में वाहनों को खड़ा कराया जाए ताकि किसानों में सब्जी विक्रेताओं में मंडी में आने वाले रोग खरीदारों को परेशानी का सामना न करनापड़े। थाना डिलारी क्षेत्र के एक गांव निवासी शकुंतला देवी पत्नी ओमवीर सिंह ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि बीते 16 वर्षों से वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोईया पद पर कार्यरत थी। प्रति माह उसकी वेतन चेक द्वारा दिया जाता था परंतु प्रार्थना का लगभग 8 माह से रसोईया के पद से हटा दिया गया है प्रार्थना अपनेवेतन से अपने परिवार का भरण पोषण क्या करते थे प्रार्थना की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है प्रार्थना के पति बीमार रहते हैं प्राथमिक को बिना सूचना दिए ग्राम प्रधान ने हम साज होकर उसे हटा दिया और उसके स्थान पर दूसरी प्रक्रिया को लगा दिया है। जिस कारण उसे अपने परिवार का लाल पालन पोषण करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों से मांग की है कि उसे पुन: रसोईया पद पर नियुक्तकिया जाए। संपूर्ण समाधान दिवसमें तहसील लाल प्रवीण कुमार नया तहसीलदार आदित्य मौर्य खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुद्गल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मस्जिद में हुई मारपीट के बाद दोनों पक्षों के दर्जनों पर हुई रिपोर्ट दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** तराबीह की नमाज पढ़ने के बाद मस्जिद से निकलते ही मारपीट हो गई इस मामले में पुलिस ने 8 के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उमरी कलां के मोहल्ला नगलियॉन निवासी जीशान पुत्र शरबत का कहना है कि 19 फरवरी को वह मरकज वाली मस्जिद में तराबीह की नमाज पढ़ रहा था सजदे में किसी बच्चे ने उसे धक्का दिया लेकिन जब वह 10:00 बजे मस्जिद से बाहर आया तो बाहर दर्जन भर लड़कों ने उस पर हमला कर दिया। पीड़ित का कहना था कि उवैस अली जैद अली उमर अली मोहल्ला नसीराबाद अब्दुल रहमान सफीकुर रहमान फैसल अली रिसालत अली ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और कहा कि आज इसे जान से मार दो फैसल अब्दुल रहमान ने सर में धारदार हथियार से चोट पहुंचा दी मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाया जिससे उसका सर फट गया और नाक भी टूट गई शरीर पर भी काफी चोट आई पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जबकि दूसरे पक्ष के अरहान का कहना है की 19 फरवरी को वह ईशा की नमाज मरकज मस्जिद में पढ़ रहा था नमाज में उसके पास खड़े जीशान पुत्र शरबत ने लात मार कर उसे गिरा दिया जिससे उसके हाथ में चोट लग गई पीड़ित ने मस्जिद में मौजूद अपने तहेरे भाई जैद व उमर से उसने जीशान की हरकतों के बारे में बताया उन्होंने जीशान से मारपीट के बारे में पहुंचा तो नोमान इरफान ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी और धमकी देने लगे नमाजीओ ने बीच बचाव कर दिया उसके बाद वह घर चले गए लेकिन बाद में रियासत अली इंतजार ने घर पर जाकर गालियां देने शुरू कर दी और ईंट पत्थर फेंकने लगे पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने इस पक्ष के भी पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## एक नजर

### परीक्षा के दौरान कृपाण धारण करने की अनुमति को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**कांठ( शाह टाइम्स )** कृपाण साथ में लेकर परीक्षा से वंचित कर दिए जाने के मामले के निस्तारण के वाद सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख से मुलाकात की और परीक्षाओं में कृपाण लेकर जाने की अनुमति के लिए वार्ता की। बताया गया कि गुरुद्वारा सिंह सभा कांठ के संरक्षक कृपाल सिंह चड्ढा, प्रधान कुलवंत सिंह सरदार मंजीत सिंह और सरदार ताजेंद्र सिंह ने मिनिस्टर बलदेव सिंह ओलख से मुलाकात कर आए दिन कृपाण आदि धार्मिक प्रतीक को लेकर होने वाले विवादों के संबंध में अवगत कराया और कहा कि छात्रों को परीक्षा के दौरान उनके धार्मिक प्रतीक से वंचित न किया जाए। बताया गया कि इस मामले में कासगंज के सरदार हरपाल सिंह जग्गी और मंत्री बलदेव सिंह ओलख ने मुख्य मंत्री से मुलाकात कर सिख धर्म की आस्था कृपाण के विषय में अवगत कराया।

कृपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सिख धर्म के विषय में की गई बार्ता पर अपनी सहमति जताई है।

### तहसील दिवस में आई 21 शिकायत में चार का मौके पर निस्तारण



**कांठ( शाह टाइम्स )** एसडीएम संतदास पवार की अध्यक्षता में आज तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आई विभिन्न शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

बताया गया की विभिन्न विभागों की करीब 21 शिकायत आज दर्ज की गई जिनमे 4 निस्तारित करते हुए बाकी शिकायतों के निस्तारण को एक सप्ताह में निपटने के निर्देश दिए गए। एक शिकायत तो मात्र 5 मिनट के अंदर ही निस्तारित कर दी गई तहसीलदार ने बताया कि खतौनी में त्रुटि की शिकायत लेकर एक किसान आया था जिसको केवल 5 मिनट में निस्तारित करके किसान को घर भेज दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार राजकुमार सिंह नायब तहसीलदार अनिल मिश्रा और योगेश शर्मा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पहली पारी में 85, तो दूसरी पारी में 5 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रोजाना की तरह ही क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई स पहली पारी में हाई स्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा थीस इसमें 1477 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 1392 ने परीक्षा दी 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेस दूसरी पारी में इंटरमीडिएट इतिहास की परीक्षा थी इसमें 109 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 104 ने परीक्षा दी 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बतादे कि नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने बताया कि शनिवार को दोनों परीक्षाओं में 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में दोषी को तीन वर्ष की सजा

**चन्दौसी।** थाना गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम लहरा नगला श्याम निवासी शीलू पुत्र रामकिशोर यादव को नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने दोषी करार देते हुए कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण के अनुसार, वादी ने थाना गुन्नौर में तहरीर देकर बताया कि 11 अप्रैल 2019 को उसकी पत्नी अपनी बहन के घर गांव रिवाड़ा गई हुई थी और वह स्वयं दुकान पर था। उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। शाम करीब 6 बजे जब उसकी बेटी नल पर पानी भरने गई, तभी गांव का शीलू वहां पहुंचा और बुरी नीयत से उसे पकड़ लिया। बेटी द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में मां के लौटने पर पीडिघ्ता ने पूरी घटना बताई, जिसके बाद वादी ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपराध संख्या 166/2019 के तहत आरोपी के विरुद्ध धारा 452, 354, 506 भादंसं, पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1) में मुकदमा दर्ज किया। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने शीलू को दोषी मानते हुए धारा 452 भादंसं के तहत तीन वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के अंतर्गत तीन वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने आदेश दिया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी तथा आरोपी द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। हालांकि न्यायालय ने दोषी को भादंसं की धारा 506 एवं एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1) के आरोप से दोषमुक्त कर दिया।

### जर्जर सड़क से बढ़ी परेशानी, रीठ से बहोरनपुर मार्ग सुधार की मांग

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में रीठ गांव से बहोरनपुर गांव तक दो किलोमीटर सड़क टूटी फूटी जर्जर हालत में होने से यहां से गुजरने वाले राहगीरों को बहुत असुविधा होती है। यह मार्ग रीठ से बहोरनपुर होते हुए शाहबाद जिला रामपुर के लिए जाता है। सम्भल जनपद की सीमा का अन्तिम गांव बहोरनपुर-टोडकपुर है इससे आगे रामपुर जनपद की सीमा लगती है। रीठ में लगने वाले साप्ताहिक पशु बाजार में शाहबाद क्षेत्र के ग्रामीणों व पशु व्यापारियों आदि का आना जाना रहता है तथा रीठ के आस-पास के लोग शाहबाद खरीदारी करने भी जाते रहते हैं।

बहोरनपुर, टोडकपुर, रीठ, मुमरेजपुर तथा रामपुर जनपद के चकरपुर, हिम्मतपुर, गुलडिघ्या, शाहबाद आदि से विपिन कुमार, के.पी. पाल, हरपाल, महेश, अनेकपाल, भूरे सिंह आदि ने बताया कि रीठ से बहोरनपुर तक सड़क बहुत टूटी-फूटी व जगह-जगह गड्ढे बने हैं जिससे पैदल व वाहन चालकों को बहुत दिक्कत होती है। जल्दी ही सड़क का निर्माण कराया जाये ताकि आसपास के लोगों को इस मार्ग से आवागमन में सहुलियत मिल सके।

# एसएम कॉलेज की दुकानों का किराया महाविद्यालय में जमा कराने के निर्देश

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज परिसर के बाहर बनी दुकानों के किराये को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पूर्व में प्रतिमाह लाखों रुपये दुकानदारों से वसूले जाने की चर्चा रही है, लेकिन यह राशि किस सोसाइटी या किस मद में जमा की गई, इसका स्पष्ट लेखा-जोखा महाविद्यालय के पास उपलब्ध नहीं बताया जा रहा ळें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानव. ीर सिंह यादव के अनुसार कॉलेज परिसर की परिधि में लगभग 65 दुकानें बनी हुई हैं।

उनका कहना है कि इन दुकानों का किराया महाविद्यालय में जमा नहीं हो रहा है, जिससे कॉलेज के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशों के क्रम में पूर्व सोसाइटी के नियमों को प्रतिकूल बताते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में 20 फरवरी को प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव द्वारा एक सार्वजनिक सूचना जारी की गई। सूचना में स्पष्ट किया गया है कि महाविद्यालय के गेट संख्या 01 से लेकर गेट संख्या 05 तक तथा महाविद्यालय की अंतिम सीमा एवं फील्ड (विधि संस्थान) के सामने स्थित सभी दुकानें एस.एम. कॉलेज के स्वामित्व में हैं। सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सभी किरायेदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना किराया सीधे महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर विधिवत रसीद प्राप्त करें। यह भी स्पष्ट किया गया है कि एस. एम. कॉलेज की दुकानों का किराया वसूलने का अधिकार किसी अन्य संस्था या व्यक्ति को नहीं है। यदि कोई दुकानदार किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को किराया देता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित दुकानदार की होगी। यहां उल्लेखनीय है कि जहां कॉलेज प्रशासन 65 दुकानों की बात कर रहा है, वहीं नगरपालिका अभिलेखों में केवल 29 दुकानें दर्ज हैं। ऐसे में शेष दुकानों से किराया कौन वसूल रहा है, यह जांच का विषय बना हुआ है।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में लड़ी जाने वाली लड़ाई की रूपरेखा से कराया शिक्षकों को रूबरू

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की ब्लॉक कार्य समिति व संघर्ष समिति की मासिक बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र कांठ पर संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा व संचालन जुबैर अहमद अंसारी ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने कहाँ की गत वर्ष 01 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेवारत समस्त शिक्षकों पर टी ई टी अनिवार्यता से देश के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित हों रहे हैं। जिसके विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लगातार संघर्षरत है किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने दिया जाएगा।

प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व राष्ट्रीय अध्यक्ष टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में संगठन टी ई टी की अनिवार्यता के



विरोध में आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है। शर्मा ने आगे बताया की संगठन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भी लगातार पैरवी की जा रहीं है। सभी शिक्षक संगठित रहे।साथ ही 22 फरवरी से 26 फरवरी तक संगठन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की रुपरेखा तय कर दी गयी है जिसमें सभी शिक्षक साथी प्रतिभाग करें 22 फरवरी को सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैश टैग के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा सभी शिक्षक एक्स पर अपना अकाउंट बना ले। जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 23 फरवरी से 25 फरवरी तक तीन दिनों तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विद्यालय नोटेट-बिफोर आरटीई एक्ट के विरोध में शिक्षण कार्य करेंगे व 26 फरवरी को कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी मुरादाबाद पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा व जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन दिया जाएगा। सभी शिक्षक बढ़ चढ़ कर संगठन के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने आर टी एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टी ई टी की अनिवार्यता अव्यवहा. रिक है।संगठन नो टेट बिफोर आर टी ई एक्ट की लड़ाई लड़ रहा है। सभी संगठनों ने एकमंच पर आकर टी ई टी के विरोध में लड़ाई लड़ने का हम स्वागत करते हैं एकता से लड़कर जीत सुनिश्चित होंगी। बैठक में दुष्यंत यादव,प्रियंका चौधरी, मधुबाला,पारुल चौधरी,राजवीर सिंह,शाइस्ता,रजत चौधरी, जुबैर अहमद, दिनेश सैनी, मो रिजवान अहमद, मेघराज सिंह,कृष्णगोपाल,भूपेंद्र यादव, शमीम, मनीष गौतम,जावेद अख्तर,गौरव सिंह, अकरम अली, प्रभास उज्ज्वल,विवेक कुमार, विघ्ननेश कौशिक, मो इरफान, शकील अहमद, चन्द्र शेखर सिंह, विमल,मो तनवीर, ब्रजेश कुमार,सुरेश कुमार, सलीम अहमद,रामनिवास, आदि मौजूद रहे।

# एमडीए में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिवसेना ने किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** शिवसेना के प्रति. निधिमंडल ने जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में कथित



भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्राधिकरण के सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया।शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने आरोप लगाया कि विकास प्राधिकरण में बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण किसान, व्यापारी और आम जनता मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण में कार्यों के नाम पर अनियमितताएं और मनमानी बढ़ती जा रही हैं, जिससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ और आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है।ज्ञापन में मांग की गई कि भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शिवसेना पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।प्रदर्शन में कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, अरुण ठाकुर, पंकज सिंह, धर्मेंद्र, राजू कश्यप, विक्की, अमरपाल, नितेश, सुरेश सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीएम व सीओ ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जनसमस्याएं

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी एवं सीओ मनोज कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम नवाबपुरा कैथल से आए एक फरियादी ने दाखिल-खारिज न होने की शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आवेदन संख्या 2026007 220027 पर काफी समय बीत जाने के बावजूद कार्यवाही नहीं की गई है। वहीं अतरासी निवासी महेंद्र पुत्र रघुनाथ ने चकबंदी पत्रावली संख्या 1240, 09 अगस्त 2014 में संशोधन कराने की मांग उठाई।

जारई निवासी रफीक ने प्रधानमंत्री आवास योजना (अर्बन 2. 0) से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के किसानों ने चकरोड पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। वहीं एक किसान ने तहसील के एक व्यक्ति पर दाखिल-खारिज कराने के नाम पर 60 हजार रुपये लेने का आरोप



लगाया। वहीं एक प्रार्थनापत्र में बताया गया कि स्व.निर्मल कुमार नगरपालिका परिषद चन्दौसी में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे और 30 जून 2024 को सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के कुछ समय बाद 11 सितंबर 2024 को उनका निधन हो गया। उनके निधन के बाद आश्रित परिवार को नियमानुसार मिलने वाली फैमिली पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, भविष्य निधि सहित अन्य देय लाभ अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। दोपहर तक कुल 55 शिकायतें दर्ज हुई जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत नीरज सिंह, आरआई नगरपा. लिका ऋषभ कुमार, एसओ बनियाठेर प्रतिनिधि, एसओ कुढ़फतेहगढ़, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, आरआई बाबूराम, सुशील कुमार यादव, अतुल पाठक, वरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेत में पेड़ काटने के विवाद में मारपीट का आरोप कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने की शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम पीपली अहीर में खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। पीड़िता अंशु पत्नी सत्यपाल यादव, निवासी ग्राम पीपली अहीर, थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके खेत में खड़े लगभग 13 यूकेलिप्टस के पेड़ 19 फरवरी 2026 को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा काट लिए गए थे। इस संबंध में थाना ठाकुरद्वारा में प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है कि 20 फरवरी 2026 की शाम लगभग 5 बजे वह अपने खेत पर काम कर रही थी, तभी आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उन्होंने पहले दिए गए शिकायती पत्र को वापस लेने का दबाव बनाया और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। पीड़िता के अनुसार घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई थी, पुलिस मौके पर भी पहुंची, लेकिन इसके बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा जान-माल की सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

## मामूली कहासुनी के बीच हुई मारपीट में एक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू में हुई कहासुनी में एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगा है। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया गांव निवासी शमीम अहमद की गाँव के ही युनूस से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के कुछ ही देर बाद युनूस के बेटे नोमान और जीशान, सफदर के साथ शमीम के घर पहुंचे और गडासे से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया और अन्य साथी संग लाठी-डंडों से मारपीट के बाद आरोपी भाग गए।

# गन्ने में सहफसली अपनाने पर जोर कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को प्रशिक्षण

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को गन्ने के साथ सहफसली खेती अपनाने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र के प्रभारी डॉ. रविंद्र कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि गन्ने के साथ उड़द एवं मूंग जैसी दलहनी फसलों की सहफसली करने से न केवल अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने कहा कि दलहनी फसलें भूमि में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाती हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है और लागत में कमी आती है। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शिव शंकर वर्मा ने जायद मौसम में गन्ने की फसल के बीच उगाई जाने वाली सब्जियोंकृजैसे भिंडी, मिर्च, बैंगन और लोबियाकृकी वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इन सब्जियों की सहफसली से खेत का बेहतर उपयोग होता है और किसानों को कम समय में अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलता है। विशेषज्ञों ने किसानों को फसल प्रबंधन, सिंचाई, उर्वरक संतुलन, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट-रोग प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय भी बताए। साथ ही आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 60 किसानों ने प्रतिभाग कर वैज्ञानिकों से सीधे संवाद किया और अपनी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के रणवीर सिंह, दिनेश कुमार तथा विभिन्न गांवों से आए प्रगतिशील किसानों की सक्रिय भागीदारी रही।

## रविवार को चार घंटे बिजली रहेगी बाधित अनुरक्षण कार्य के चलते होगी कटौती

ठाकुरद्वारा। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि रविवार, 22 फरवरी 2026 को 33 के.वी. विद्युत लाइनों के अनुरक्षण कार्य एवं पेड़ों की कटाई के कारण विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। यह कार्य विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'अनुरक्षण माह' के अंतर्गत किया जा रहा है। विभाग के अनुसार बिजली कटौती सुबह 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक रहेगी। इस दौरान ठाकुरद्वारा टाउन क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी, जिससे संबंधित सभी उपभोक्ताओं को पूर्व तैयारी करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक कार्यकृजैसे पानी भरना, घरेलू उपयोग की तैयारी एवं अन्य जरूरी कामकृसुबह 10 बजे से पहले ही निपटा लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। बताया गया है कि दोपहर 2 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होने के लगभग 30 मिनट बाद नगरपालिका ठाकुरद्वारा द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू की जाएगी। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह निर्धारित कटौती व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।



# 86 देशों और दो वैश्विक संस्थाओं ने 'नई दिल्ली घोषणा' का किया समर्थन

## शिखर सम्मेलन के समापन पर अपनाई गई इस घोषणा को वैश्विक एआई सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया

■ 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है

**नई दिल्ली।** इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में अपनाई गई 'नई दिल्ली घोषणा' का 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। केन्द्रीय मंत्री ने सम्मेलन के समापन पर शनिवार को मीडिया संबोधित करते हुए कहा कि यह सहयोगात्मक, विश्वसनीय और समावेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ढांचे के लिए भारत के दृष्टिकोण को मजबूत वैश्विक समर्थन है।

शिखर सम्मेलन के समापन पर अपनाई गई इस घोषणा को वैश्विक एआई सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया है। इसमें भाग लेने वाले देशों ने समान और न्यायसंगत पहुंच, जिम्मेदार नवाचार तथा सुदृढ़ एआई प्रणालियों के लिए साझा रोडमैप का समर्थन किया। वैष्णव ने कहा कि घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाले देशों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को स्वीकार किया है। घोषणा का समर्थन करने वालों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी सहित कई बडे देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि एआई इम्पैक्ट समिट की घोषणा पर कुल 88 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है।

'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' वैश्विक दक्षिण में आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था, जिसमें एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार किया गया। यह 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' और 'मानवता के लिए एआई' के वैश्विक सिद्धांत के अनुरूप रहा। इस शिखर सम्मेलन ने समानता, पहुंच और साझा समृद्धि पर आधारित 'सभी के लिए एआई' के भारत के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक एआई शासन में भारत को अग्रणी स्थान पर स्थापित किया। घोषणा में सात स्तंभों पर आधारित कार्य एजेंडा प्रस्तुत किया गया है, जिसमें एआई संसाधनों का लोकतांत्रिकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण, सुरक्षित और विश्वसनीय एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण, जन संसाधन विकास तथा सुदृढ़ और नवोन्मेषी एआई प्रणालियां शामिल हैं। साथ ही 'चार्टर फॉर डेमोक्रेटिक डिफ्यूजन ऑफ एआई', 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट कॉमन्स', 'ट्रस्टेड एआई कॉमन्स' और 'एआई वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्लेबुक' जैसी वैश्विक पहलों की भी घोषणा की गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि सभी ने एआई संसाधनों का लोकतांत्रिकरण करने पर सहमति जताई है ताकि इसके लाभ और तकनीक दुनिया भर में, समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 16 से 20 फरवरी तक यहां भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इसमें नवाचार और कुशल मानव संसाधन विकास को भविष्य के सहयोग के प्रमुख स्तंभों के रूप में चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी ध्यान में रखना होगा। सुरक्षा और विश्वास को केंद्रीय बिदु बनाया गया है। वैष्णव ने शुक्रवार को कहा था कि इस शिखर सम्मेलन में 250 अरब डॉलर से अधिक के अवसंरचना निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में पांच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, विश्व की प्रमुख एआई कंपनियों और अनेक स्टार्टअप ने अपने कार्य का प्रदर्शन किया तथा चर्चाओं की गुणवत्ता अत्यंत उत्कृष्ट रही।



जम्मू-कश्मीर। गांदरबल में सफापोरा-गांदरबल सड़क पर संदिग्ध वस्तु का पता चलने के बाद इलाके को घेरते सुरक्षाबल।

## एआई का विकास मानवाधिकारों की नींव पर हो: संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की तकनीक का संचालन एक ऐसे मानवाधिकार ढांचे के माध्यम से किया जाना चाहिए जो पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशिता सुनिश्चित करे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समाचार संकलन सेवा को दिए एक साक्षात्कार में एआई को एक शक्तिशाली तकनीकी उपकरण बताते हुए कहा कि इसका विकास 'जोखिम मूल्यांकन' के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि तकनीक का उपयोग सत्ता के प्रयोग के लिए किया जाता है, चाहे वह अच्छे के लिए हो या बुरे के लिए, इसलिए इसे मानवाधिकारों के दायरे में लाना आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया भर के स्कैम केंद्रों में यातना, यौन शोषण: संरा

**न्यूयॉर्क/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक नई रिपोर्ट में दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य क्षेत्रों में संचालित बहु-अरब डॉलर के ऑनलाइन स्कैम केन्द्रों के भीतर हो रहे भीषण मानवाधिकार उल्लंघनों का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन केन्द्रों में हजारों लोगों को मानव तस्करी के जरिए लाया जाता है और उन्हें यातना, यौन उत्पीड़न, जबरन श्रम तथा साइबर अपराधों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है।

### इजरायली हवाई हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इजरायल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिजबुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। सरकारी और लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज्यादा लोग मारे गए और 30 से ज्यादा घायल हो गए।

### कथित ड्रग तस्कर नाव पर अमेरिका का हमला, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की दक्षिणी कमान ने कहा है कि अमेरिकी सैन्य बलों ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक संदेहास्पद ड्रग बोट पर हमला किया, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया सेवाओं ने पुष्टि की है कि जहाज पूर्वी प्रशांत में सर्वविदित मादक पदार्थ तस्करी रास्ते से जा रहा था और तस्करी अभियान में लगा हुआ था। कमान ने अपने दावे का कोई सबूत नहीं दिया। बयान में बताया गया कि किसी भी अमेरिकी सैन्य बल को कोई नुकसान नहीं हुआ। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, पेंटागन ने कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित मादक पदार्थ तस्कर जहाजों पर कम से कम 43 हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 148 लोगों की जान गई हैं।

# भारतवंशी वकील नील कात्याल ने पलटा ट्रम्प का टैरिफ खेल

## बने ऐतिहासिक फैसले का चेहरा, कहा: टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को असंवैधानिक करार देकर बड़ा फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल का नाम उभरा, नील कात्याल। नील ने ही अदालत में ट्रम्प के उस कदम को चुनौती दी, जिसमें 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट यानी आईईईपीए का इस्तेमाल कर लगभग सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ लगाए गए थे।

नील कात्याल ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि राष्ट्रपति ने आपात आर्थिक शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को है, न कि राष्ट्रपति को। कात्याल ने इन टैरिफ को अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक टैक्स बताया। सुप्रीम कोर्ट ने छह-तीन के बहुमत से कहा कि संविधान के तहत टैक्स लगाने की शक्ति कांग्रेस के पास है। सुप्रीम कोर्ट ने कानून के शासन और आम अमेरिकियों के अधिकारों की रक्षा की है। अदालत ने हमारी कानूनी दलीलों को पूरी तरह स्वीकार किया। अदालत ने वही फैसला दिया जिसकी मांग की गई थी। यह मामला किसी एक राष्ट्रपति के खिलाफ नहीं है। ये मामला शक्तियों के संतुलन और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा से जुड़ा था। यह मामला छोटे अमेरिकी कारोबारियों द्वारा दायर किया गया था, जिन्हें लगा कि टैरिफ से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने टैरिफ को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक दबाव का जरूरी कदम बताया था।



■ सुप्रीम कोर्ट ने कानून के शासन और आम अमेरिकियों के अधिकारों की रक्षा की है
■ अदालत ने वही फैसला दिया जिसकी मांग की गई थी

लेकिन अदालत ने साफ कहा कि आपात शक्तियों के नाम पर राष्ट्रपति व्यापक टैक्स नहीं लगा सकते। नील कात्याल का जन्म शिकागो में भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर हुआ। उनके पिता इंजीनियर और माता डाक्टर थीं। उन्होंने डार्टमाउथ कालेज और येल ला स्कूल से पढ़ाई की। वह अमेरिका के कार्यवाहक सालिसिटर जनरल रह चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट में 50 से अधिक मामलों में पैरवी कर चुके हैं। वह कई बड़े संवैधानिक मामलों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। कात्याल वर्तमान में मिलबैंक एलएलपी में साझेदार हैं और जार्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर में प्रोफेसर हैं। उन्होंने 1965 के वोटिंग राइट्स एक्ट की संवैधानिकता का बचाव किया, ट्रम्प के 2017 ट्रैवल बैन को चुनौती दी और कई राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

वह जार्ज फ्लायड हत्या मामले में मिनेसोटा राज्य के विशेष अभियोजक भी रह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भविष्य में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की आपात आर्थिक शक्तियों के इस्तेमाल पर सीमा तय करता है। कात्याल ने कहा कि एक प्रवासी परिवार का बेटा अदालत में खड़ा होकर कह सकता है कि राष्ट्रपति कानून तोड़ रहे हैं, और अदालत उसे सुनती है, यही लोकतंत्र की ताकत है। यह फैसला अमेरिकी संविधान और शक्तियों के संतुलन के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

## टैरिफ से वसूला हुआ पैसा वापस होना चाहिए: अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प की व्यापार नीति पर सियासी घमासान और तेज हो गया है। अमेरिकी सीनेटर चक शूमर ने ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ को गैरकानूनी बताते हुए साफ कहा है कि जो पैसा वसूला गया है, वह लौटाया जाना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी 2026 को ट्रम्प की व्यापक वैश्विक टैरिफ नीति को 6-3 के बहुमत से अवैध करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से आगे जाकर फैसला लिया। सीनेटर शूमर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वही किया जो कानून के अनुसार सही था। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रम्प ने देश से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए। मैन्युफैक्चरिंग नौकरियां बढ़ने के बजाय घटी हैं। कीमतें कम होने की जगह बढ़ी हैं। शूमर के अनुसार, टैरिफ के कारण आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने अपने भाषण में बढ़ती कीमतों पर कोई बात नहीं की और न्यायाधीशों पर व्यक्तिगत टिप्पणी की, जो गलत है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत ट्रम्प ने जो व्यापक टैरिफ लगाए, वह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर था। अदालत ने स्पष्ट किया कि टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। इस फैसले को ट्रम्प की व्यापार नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जब शूमर से पूछा गया कि अगर पैसा वापस नहीं किया गया तो क्या होगा, तो उन्होंने कहा कि अदालत में मिलेंगे। उनका कहना है कि अगर टैरिफ अवैध हैं तो उससे वसूला गया पैसा भी अवैध है और उसे लौटाना ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रम्प कई मामलों में कानून की अनदेखी करते रहे हैं, लेकिन अदालतों ने उन्हें कई बार जिम्मेदार ठहराया है। इस फैसले के बाद अमेरिका में व्यापार नीति, महंगाई और राष्ट्रपति की शक्तियों की सीमा को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। कई सांसदों ने फैसले का स्वागत किया है, जबकि कुछ ने चिंता जताई है कि इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्या सरकार टैरिफ से वसूली गई रकम लौटाएगी और आगे की नीति क्या होगी। यह मामला आने वाले समय में अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था दोनों पर असर डाल सकता है।

## निक्सन ने 55 साल पहले लगाया था 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ

**वाशिंगटन।** साल 1971 में अमेरिका और दुनिया के बीच व्यापार और भुगतान संतुलन (बैलेंस आफ पेमेंट) में भारी असंतुलन हो गया था। अमेरिका लगातार ज्यादा आयात कर रहा था और निर्यात कम कर पा रहा था, जिससे डॉलर पर दबाव बढ़ रहा था। इसके बाद निक्सन ने दुनियाभर के देशों पर 10 प्रतिशत का ग्लोबल टैरिफ लगा दिया था। इसके बाद यह महसूस किया गया कि भविष्य में अगर ऐसी आर्थिक आपात स्थिति आती है, तो राष्ट्रपति के पास ऐसी चीजों से निपटने के लिए कानूनी अधिकार होने चाहिए। इसी मकसद से 1974 में 'ट्रेड एक्ट 1974' पारित किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक सेक्शन 122 का पहले कभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसलिए यह भी साफ नहीं है कि अगर इसे अदालत में चुनौती दी गई, तो अदालतें इसकी व्याख्या किस तरह करेंगी।

# ईरान जल्द परमाणु समझौते का मसौदा तैयार करेगा: अराघची

## दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत

■ एक बार तैयार हो जाने पर मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को सौंपा जाएगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान पर 'सीमित सैन्य हमले' करने पर विचार कर रहे हैं।

अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है। यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। एक बार तैयार हो जाने पर मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक 'न्यायपूर्ण और बराबरी वाला' समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति 'बिल्कुल अनावश्यक और अस्वस्थ' है। दूसरी ओर, ट्रम्प ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने शुक्रवार को ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ अलग-अलग फोन कॉल किए। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक 'स्वीकार्य' खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद 'अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना' है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है। ईरान के संरा राजदूत आमिर सईद इरावानी ने कहा कि देश किसी भी सैन्य हमले का 'दृढ़ता से और उसी हिसाब से' जवाब देगा। उन्होंने सुरक्षा परिषद और संरा महासचिव से 'बिना देर किए कार्रवाई करने' की अपील की।

# हिंसक कार्यकर्ता समूहों पर फ्रांस की बड़ी कार्रवाई

**ल्योन।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अगले सप्ताह हिंसक कार्यकर्ता समूहों की समीक्षा के लिए बैठकें करेंगे। यह बैठक ल्योन में एक धुर दक्षिणपंथी छात्र की पिटाई से हुई मौत के बाद आयोजित की जा रही है।



■ इस घटना ने अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गहरे राजनीतिक तनाव के माहौल को उजागर किया

इस घटना ने अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गहरे राजनीतिक तनाव के माहौल को उजागर किया है। पेरिस कृषि मेले में बोलते हुए मैक्रों ने शनिवार को दक्षिणपंथी समूहों द्वारा आयोजित क्वेंटिन डेरांके को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम से पहले सभी से शांत रहने का आह्वान किया। क्वेंटिन डेरांके 23 वर्षीय युवक था, जिसकी पिछले सप्ताह अस्पताल में दिमाग की चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी। ये प्रदर्शन कड़ी पुलिस निगरानी में होंगे। इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह उस शहीद युवा देशवासी के उसके परिवार और प्रियजनों के प्रति स्मरण और सम्मान का क्षण है। यह सर्वोपरि है। यह दृढ़ता और जिम्मेदारी का क्षण है। क्वेंटिन डेरांके की मौत के मामले में सात लोगों पर प्रारंभिक आरोप लगाए गए हैं। ल्योन के लोक अभियोजक कार्यालय ने अनुरोध किया है कि उनमें से प्रत्येक पर जानबूझकर हत्या, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया जाए। आरोपियों में से छह पर तीनों आरोप लगाए गए थे। सातवें पर जानबूझकर हत्या में मिलीभगत, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। डेरांके पर हमला एक छात्र सम्मेलन के दौरान धुर वामपंथी और धुर दक्षिणपंथी समर्थकों के बीच झड़प में हुआ था। इस कार्यक्रम में धुर वामपंथी सांसद रीमा हसन मुख्य वक्ता थीं। मैक्रों ने कहा कि वे मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे ताकि राजनीतिक दलों से जुड़े सभी हिंसक कार्यकर्ता समूहों की व्यापक समीक्षा की जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि कुछ समूहों को भंग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी प्रकार की हिंसा जायज नहीं है।

# यूक्रेन ने रूस की मिसाइल फैक्टरी पर किया ड्रोन हमला

■ वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते चार वर्षों से जंग जारी है। इसी कड़ी में यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के अंदर एक औद्योगिक ठिकाने को निशाना बनाया। एक रूसी समाचार चैनल ने बताया कि यह जगह एक प्रमुख सरकारी मिसाइल फैक्टरी थी।

स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री सर्गेई बागिन ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में बताया, यह हमला रूस के उडमर्ट गणराज्य में हुआ। हमले में 11 लोग घायल हुए। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्जेंडर ब्रेचालोव ने एक अन्य टेलीग्राम पोस्ट में कहा, उडमर्ट गणराज्य की एक सुविधा पर यूक्रेन की ओर से ड्रोन से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले में लोगों को चोटें आई और नुकसान हुआ। हालांकि, उन्होंने हमले के स्थल का नाम या और कोई विवरण साझा नहीं किया। टेलीग्राम पर एक रूसी समाचार चैनल 'एस्ट्रा' ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने वोटकिन्स्क मशीन बिल्डिंग प्लांट को निशाना बनाया, जो एक प्रमुख सरकारी रक्षा उद्यम है। एस्ट्रा ने कहा कि उनका यह दावा स्थानीय निवासियों के फुटेज के विश्लेषण पर आधारित है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई। वोटकिन्स्क फैक्टरी यूक्रेन से 1400 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर है। यह फैक्टरी इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलें बनाती है, जिन्हें अक्सर यूक्रेन के खिलाफ हमलों में इस्तेमाल किया जाता है। यह फैक्टरी परमाणु क्षमता वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें भी बनाती है। एक अन्य रूसी समाचार चैनल ने वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। इन फुटेज में औद्योगिक स्थल से काला धुंआ उठता हुआ दिखाई दे रहा था और भवनों के शीशे टूटे हुए थे। एक अन्य रूसी टेलीग्राम चैनल 'शॉट' ने कहा कि वोटकिन्स्क के निवासियों ने रात के दौरान तीन विस्फोटों की आवाजें सुनी।

## क्रीट द्वीप के पास प्रवासियों की नाव पलटी 5 की मौत, 20 लापता

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और कम से कम 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे, लेकिन प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार नाव में क्षमता से अधिक लोग भरे हुए थे। शनिवार शाम तक जारी बचाव कार्य में खराब मौसम और समुद्री लहरों के कारण बाधाएं आ रही हैं।

# जयशंकर ने की राष्ट्रपति दा सिल्वा से मुलाकात

## भारतीय विदेश मंत्री ने रणनीतिक साझेदारी में ब्राजीली राष्ट्रपति के मार्गदर्शन की सराहना की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मुलाकात की और भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना की।

जयशंकर ने मुलाकात के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके गर्मजोशी भरे विचारों और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपने अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं। इसमें 11 कैबिनेट मंत्री, 300 से अधिक कारोबारी और विभिन्न कंपनियों के 50 मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हैं, जो व्यापार वाताओं में भाग लेंगे। दा सिल्वा की यह यात्रा जुलाई 2025 में मोदी की ब्राजील की यात्रा के बाद हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ब्राजील यात्रा थी। इस प्रतिनिधिमंडल से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत-ब्राजील संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ेगा। इससे पहले आज सुबह दा सिल्वा का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने औपचारिक रूप से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। राष्ट्रपति दा सिल्वा बुधवार को भारत यात्रा पर पहुंचे थे। उन्होंने भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में भाग लिया और शुक्रवार को नई दिल्ली में ब्राजील की ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी (एपेक्स) के पहले कार्यालय का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य ब्राजील के उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना तथा ब्राजील की अर्थव्यवस्था के रणनीतिक क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करना है। भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ दा नोब्रेका ने राष्ट्रपति दा सिल्वा और प्रधानमंत्री मोदी के बीच मजबूत व्यक्तिगत तालमेल की सराहना करते हुए इसे ग्लोबल साउथ के दो देशों के बीच ऐतिहासिक शिखर बैठक बताया और कहा कि दोनों नेता केवल सहयोगी ही नहीं, बल्कि मित्र भी बन चुके हैं।



■ मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी



# ओ रोमियो के बाद तृप्ति डिमरी के खाते में मेगा प्रोजेक्ट्स

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इस वक्त अपने करियर की पीक पर हैं। हाल ही में उन्होंने शाहिद कपूर के साथ ओ रोमियो में जादू बिखेरा। इसी के बाद अब वो स्पिरिट से लेकर मां-बहन तक कई बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखाई देनी वाली हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इस समय सुर्खियों में बनी हुई हैं।

एक्ट्रेस एक के बाद एक कई हिट दे रही हैं। रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल के बाद से ही तृप्ति डिमरी अपने करियर की पीक पर हैं। हाल ही में उन्होंने शाहिद कपूर के साथ फिल्म ओश रोमियो में गजब का काम किया।

बॉलीवुड सेंसेशन तृप्ति डिमरी ओ रोमियो के अलावा अपनी अपक मिंग फिल्म को लेकर भी सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस के पास अब कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। कॉमेडी से लेकर बायोपिक तक में अब वो नजर आएंगी। तृप्ति की मोस्ट अवेटेड फिल्म की बात करें, तो वो प्रभास के साथ की फिल्म स्पिरिट है। इस पैन-इंडिया फिल्म से उनके करियर को नई ऊंचाई मिलेगी। इस फिल्म में वो सुपरस्टार प्रभास के साथ नजर आएंगी। तृप्ति डिमरी और प्रभास की फिल्म स्पिरिट 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक एक्शन पैक फिल्म होगी, जिसको पैन-इंडिया रिलीज किया जाएगा। एक्शन थ्रिलर होगी, जिसे हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में तृप्ति कॉमेडी में भी डेब्यू करने वाली हैं। वो माधुरी दीक्षित के साथ मां बहन फिल्म में नजर आएंगी। यह एक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसे नेटफ्लिक्स पर ही रिलीज किया जाएगा। मां बहन में तृप्ति का एक अलग अंदाज दिखेगा, जो लोगों को काफी पसंद आने वाला है। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है, इसमें माधुरी दीक्षित के अलावा रवि किशन भी शामिल हैं। फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। 70-80 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस परवीन बॉबी पर एक बायोपिक प्लान की जा रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस बायोपिक में तृप्ति डिमरी नजर आ सकती हैं। तृप्ति फिल्म में परवीन बॉबी की जिंदगी को पर्दे पर उतार सकती हैं। इस बायोपिक को नेटफ्लिक्स के लिए एक लिमिटेड सीरीज की तरह बनाया जा सकता है।

**यह एक एक्शन पैक फिल्म होगी, जिसको पैन-इंडिया रिलीज किया जाएगा। एक्शन थ्रिलर होगी, जिसे हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में तृप्ति कॉमेडी में भी डेब्यू करने वाली हैं। वो माधुरी दीक्षित के साथ मां बहन फिल्म में नजर आएंगी।**

# सरगुन मेहता ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, रवि दुबे संग बेबी प्लानिंग खबरों को बताया झूठ

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस सरगुन मेहता और उनके पति अभिनेता रवि दुबे के बारे में हाल ही में चल रही प्रेग्नेंसी अफवाहों ने मीडिया और सोशल मीडिया पर तूल पकड़ लिया था। कई न्यूज पोर्टल्स पर दावा किया कि यह कपल अपनी शादी के 12 साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाला है। हालांकि, अब खुद सरगुन ने इसपर सख्त प्रतिक्रिया दी है और इन सभी अफवाहों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट साझा करते हुए सरगुन ने लिखा कि यह बिना चीजों की खबरें बहुत पहले से वायरल हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ह्लोगों को कैसे पता कि हम दोनों (मैं और रवि) के बारे में हमसे पहले ही प्रेग्नेंसी का पता चल गया है? कृपया इसे बंद करें। सरगुन ने अपने नोट में यह भी मजाकिया लहजे में लिखा कि अगर मीडिया की बात मानी जाए तो वे पिछले दो साल से प्रेग्नेंट हैं- इतनी लंबी प्रेग्नेंसी? जो कि सच से कोसों दूर है।'' उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि कभी-कभी उनकी कैफे या सलून की फोटो को देखकर भी लोग यह मान लेते हैं कि वे प्रेग्नेंट हैं। सरगुन ने सवाल उठाया, क्या वे मेरे डाक्टर्स को जानते हैं? या सिर्फ कुछ तस्वीरें देखकर अनाप-शनाप बातें बना रहे हैं? उन्होंने लोगों से विनती की कि वे ऐसी अफवाहें फैलाने से पहले किसी विश्वसनीय स्रोत से पुष्टि करें। इससे पहले भी सरगुन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि शादी का मतलब हमेशा बच्चों की उम्मीद नहीं होती। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की जिंदगी की प्राथमिकताएं अलग होती हैं। कुछ लोग जल्दी माता-पिता बनते हैं, कुछ बाद मे, यह व्यक्ति के निर्णय पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की अफवाहें शादी की पवित्रता को छोटा कर देती हैं, जबकि हर रिश्ते की अपनी एक अलग यात्रा होती है। बता दें कि सरगुन मेहता और रवि दुबे ने टीवी शो '12द्24 करोल बाग' की शूटिंग के दौरान एक-दूसरे को डेट किया और 7 दिसंबर 2013 को शादी रचाई। रवि दुबे जल्द ही फिल्म 'रामायण' में लक्ष्मण के रोल में दिखाई देंगे, जबकि सरगुन ने हाल ही में पंजाबी फिल्म 'सौंकन सौंकने 2' में काम किया है।

# कहीं आपके भी होश न उड़ा दे धुरंधर 2 का टीजर!

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के बाद, धुरंधर के प्रोड्यूसर ने हाल ही में धुरंधर: द रिवेंज का टीजर जारी किया। टीजर को अच्छा रिएक्शन मिला है। वहीं अब फिल्म मेकर फिल्म के रोमांच को बरकरार रखने के लिए एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज करने तैयार हैं।

धुरंधर के ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन को देखते हुए फिल्म के ट्रेलर से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर मार्च के पहले सप्ताह में रिलीज होगा। 5 मार्च की संभावना सबसे ज्यादा है। फिल्म को ईद पर रिलीज से पहले माहौल बनाने के लिए ट्रेलर को एकदम सही टाइम पर जारी किया जाएगा। इशका सावधानीपूर्वक सिलेक्शन किया जा रहा है।

खबरों के मुताबिक, ट्रेलर को भव्यता और रोमांच के बीच बैलेंस बनाए रखने के लिए एडिट किया गया है, जिसमें मूवी की कहानी को दिखाते हुए नए सीन और नए एंगल दिखाए गए हैं। मार्च की शुरुआत में रिलीज करने की स्ट्रेटजी के साथ, मेकर अब त्योहारी रिलीज के समय तक दर्शकों में उत्साह बनाए रखने का लक्ष्य रख रहे हैं।



सीक्वल में रणवीर सिंह का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिलेगा। वे लयारी के किंग के रूप में वापसी कर रहे हैं और ट्रेलर के शुरुआती पार्ट देखने वालों का कहना है कि उनका बदला हुआ रूप और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस सबसे अलग है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने इस किरदार को निभाने के लिए खूब तैयारियां की हैं।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर की रिलीज डेट हुई अनाउंस



**मुंबई।** बॉबी देओल फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी देओल फिल्म बंदर मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। आज मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। तो चलिए जानते हैं मूवी किस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। इस पोस्टर में बॉबी अग्रेसिव लुक में दिख रहे हैं और उन्होंने सन ग्लासेस पहने हैं। वही, कैप्शन में लिखा, 22 मई 2026 को सिनेमा हॉल में मिलते हैं। बता दें कि फिल्म बंदर को निखिल द्विवेदी ने प्रोड्यूस किया है और बीते साल ही इस मूवी का पहला पोस्टर भी तभी अनाउंस किया था। 2025 की जुलाई में ही फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया था।जहां पर इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद अब यह बॉलीवुड सिनेमा में धूम मचाने को तैयार है। वहीं, पोस्टर को लेकर भी लोग तारीफ कर रहे हैं, द गेम चेंजिंग मूवी। दूसरे ने लिखा, बॉबी देओल की नियमित खलनायक भूमिकाओं से कुछ अलग देखने को मिलेगा। उम्मीद है कि यह सिनेमाघरों में हमें चौंका देगा।

# मॉडर्न लव स्टोरी में छा गई मृणाल-सिद्धांत की जोड़ी

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म के साथ अनुराग सिन्हा के डायरेक्शन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म अस्सी भी रिलीज हुई है।

वहीं, दो दीवाने सहर में मृणाल और सिद्धांत की रोमांटिक लव स्टोरी दिखाई गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक अरेंज मैरिज के लिए मिले एक लड़का और लड़की की कहानी किस मोड़ पर जाती है। तो चलिए फिल्म को लेकर एक नजर डालते हैं दर्शकों के रिएक्शन पर कि उन्हें यह फिल्म कैसी लगी है।

ट्विटर पर दो दीवाने सहर में को लेकर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, दो दीवाने शहर में के स्पेशल फैन प्रीव्यू में दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जहां सिद्धांत और मृणाल दर्शकों के पसंदीदा बन गए।

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की उपस्थिति ने फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया। सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, इस वैलेंटाइन डे पर, प्यार की गूंज सुनाई देगी 'आस्मा'। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी अभिनीत फिल्म 'दो दीवाने शहर में' आधुनिक प्रेम कहानी को वास्तविक रोमांस के सार के साथ प्रस्तुत करती है। तीसरे यूजर ने लिखा, यह पहले से ही ट्रेंड कर रहा है। कोई शोर-शराबा नहीं। बस भावनाएं और अब BookMyShow पर भी ट्रेंड कर रहा है। 'दो दीवाने सहर में' यह साबित कर रहा है कि एक अपूर्ण रूप से परिपूर्ण प्रेम कहानी, जिसे ईमानदारी से बताया जाए, असरदार है।



**सिद्धांत और मृणाल की यह फिल्म सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा है, रवि उदयवार द्वारा निर्देशित यह फिल्म समकालीन शहरी जीवन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मार्मिक प्रेम कहानी में युवा सितारों की एक नई जोड़ी को पर्दे पर पेश करती है। फिल्म दिखाती है कि किस तरह आधुनिक रिश्तों की उलझनों और खामियों से जूझते हुए परीकथाओं वाले रोमांस के बजाए साझा कमजोरियों के माध्यम से जुड़ाव पाते हैं।**

# प्रियंका ने किया बॉलीवुड छोड़ने का खुलासा

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा, जिन्होंने ग्लोबल लेवल पर भारत का मान बढ़ाया है, अब लंबे इंतजार के बाद बॉलीवुड में धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार हैं। प्रियंका जल्द ही दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी। इस कमबैक की खबरों के बीच प्रियंका ने उन कड़वे अनुभवों और वजहों को साझा किया है, जिसके चलते उन्हें बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख करना पड़ा था। प्रियंका ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वे कभी भी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन उन्हें इंडस्ट्री में एक कोने में धकेला जा रहा था। उन्होंने बताया कि वे उस समय फिल्म इंडस्ट्री में खुद को काफी 'सीमित' महसूस कर रही थीं। वे ऐसे मौकों की तलाश में थीं जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर नई ऊर्जा दें। जब बॉलीवुड में उन्हें सीमित महसूस होने लगा, तब प्रियंका ने अमेरिका का रुख किया। वहां उन्होंने संगीत और फिर 'क्वांटिको' जैसी सीरीज के जरिए अपनी नई पहचान बनाई। प्रियंका के अनुसार, उन्होंने किसी एक इंडस्ट्री को नहीं चुना, बल्कि जहां उन्हें बेहतर काम मिला, वे वहां चली गईं। आज वे दोनों ही इंडस्ट्रीज हॉलीवुड और बॉलीवुड में संतुलन बनाकर काम करना पसंद करती हैं।



